https://www.facebook.com/jantaunion

# जनता यूनियन

झाँसी
रविवार, 27 अप्रैल 2025
वर्ष 17 अंक 229
पृष्ठ 8 मूल्य ₹ 3.00
www.epaperjantaunion.com

अधिकतम : 42° से.
न्यूनतम : 24° से.

jantaunion@gmail.com



बेतवा नदी में दर्दनाक हादसा...- 3 | अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन...- 8

## सार संक्षेप

### अनियंत्रित होकर डबल डेकर बस घर में घुसकर पलटी,दर्जन भर घायल

**गोण्डा(जीएनएस)।** जिले के करनैलगंज में दिल्ली से चलकर गोण्डा आ रही यात्रियों से भरी एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक घर में घुसकर पलट गई। जिसमें करीब दर्जन भर लोगों के घायल होने की सूचना है।जिसमें दस की हालत गंभीर बताई जा रही है।

यह हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली के कश्मीरीगेट बस अड्डे से चलकर डबल डेकर बस नंबर क्क्च3ञ्च8661गोण्डा के करनैलगंज क्षेत्र के शाहपुर रोड स्थित कटरा शहबाजपुर बाबू पुरवा के पास पहुँची ,इस दौरान अनियंत्रित होकर पास के घर में घुसकर पलट गई। लोग बताते हैं कि,बस ओवरलोड होने के चलते अनियंत्रित हुई इसके बाद घर में घुसकर पलट गई।

इस हादसे में गोण्डा के सात और बिहार के तीन लोग घायल हुये जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अवैध खनन के विरुद्ध पीटीओ और खान अधिकारी की बड़ी कार्रवाई, दो डंफर और एक ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**गोण्डा (जीएनएस)।** खनन निरीक्षक और पीटीओ की संयुक्त छापेमारी में अवैध खनन में संलिप्त दो डंफर और एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर उसे सीज कर दिया। यह बड़ी कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। शुक्रवार की रात्रि में करीब बारह बजे पीटीओ शैलेन्द्र कुमार तिवारी तथा खनन निरीक्षक डॉ.अभय रंजन ने संयुक्त छापेमारी कर क्षेत्र के कटरा शिवदयाल गंज तिराहे के पास दो डंफर को बालू लाद कर आते हुए रोककर कर आते हुए रोका। ड्राइवर के द्वारा मौके पर कोई खनन परिवहन पास नहीं दिखा पाया। दोनों डंफर के ड्राइवर मौके पर डंफर को छोड़ कर फरार हो गए।उसके बाद खनन निरीक्षक ने तुरकौली गांव के पास एक ट्रैक्टर ट्राली अवैध मिट्टी लाद कर आते हुए पकड़ा।मौके से ड्राइवर भी खनन का कोई परमीशन नहीं दिखा पाया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि खनन निरीक्षक ने दो डंफर तथा एक ट्रैक्टर ट्राली को अवैध खनन के बालू व मिट्टी के साथ में पकड़ा है।सभी वाहनों पर कार्रवाई करते हुए सीज कर दिया है।

### गजब,खुद को मैनेजर बताकर बाइक लेने गये व्यक्ति से 30 हजार ठग लिये

**गोण्डा (जीएनएस)।** जिले के नवाबगंज कस्बे के शुगर मिल के पास मनकापुर रोड पर स्थित एक बाइक एजेंसी पर बाइक खरीदने गया एक व्यक्ति से खुद को मैनेजर बताकर एक ठग ने 30 हजार लेकर चलता बना। ठग का हुलिया और पूरी घटना एजेंसी पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

कस्बे के मनकापुर रोड पर स्थित वी के टीवीएस बाइक एजेंसी के मालिक मनीष सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उनकी एजेंसी पर एक व्यक्ति आया था जो खुद को रेलवे विभाग का ठेकेदार बता रहा था। उसने कहा कि उसे तीन मोटरसाइकिलों कि आवश्यकता है। उसके बाद मनीष सिंह एजेंसी के कर्मचारियों को सूचना देकर किसी काम से निकल गये। इस बीच अज्ञात व्यक्ति ने खुद को टीवीएस कंपनी का बताते हुए प्रचार करने के लिए ने विशाल पुत्र नंद कुमार से एक कार बुक कराई और एक-दो बार बाजार भी घूम कर आया।

### पहलगाम हमले के बाद भारत के सपोर्ट में 15 देश लेंगे एक्शन!

# टेरर अटैक पर भड़का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद




**जिनेवा (जीएनएस)।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने पहलगाम आतंकी हमलों की निंदा की है।यूएन ने बात पर जोर दिया कि जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और इस आतंकवाद के निंदनीय कृत्य के आयोजकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। एक प्रेस बयान में 15 देशों की परिषद ने कहा कि समूह ने 22 अप्रैल को हुए जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की।

फ्रांस ने प्रेस वक्तव्य जारी किया

प्रेस वक्तव्य फ्रांस द्वारा जारी किया गया, जिसके पास वर्तमान में यूएनएससी की अध्यक्षता है। परिषद के अध्यक्ष फ्रांस के यूएन राजदूत जेरोम बोनाफोंट द्वारा जारी किया गया यह वक्तव्य, यू.एस. द्वारा जारी किया गया है। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने पीड़ितों के परिवारों और भारत और नेपाल की सरकारों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की, और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। इस बात की पुष्टि करते हुए कि आतंकवाद अपने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है, यूएनएससी ने दोहराया कि आतंकवाद का कोई भी कृत्य आपराधिक और अनुचित है, चाहे उसका उद्देश्य कुछ भी हो, चाहे वह कहीं भी, कभी भी और किसी के द्वारा भी किया गया हो। भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा स्थिति पर एक सवाल का जवाब देते हुए, महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, हम बहुत गहरी चिंता के साथ स्थिति पर नज़र बनाए हुए हैं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या महासचिव पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए रोम में हैं। भारत और पाकिस्तान के नेताओं से बात करने की योजना बना रहे हैं, तो दुजारिक ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस बारे में आपके साथ कुछ साझा करने को मिलेगा। दुजारिक ने इस टिप्पणी को खारिज कर दिया कि दो परमाणु देश युद्ध में जा सकते हैं

पाक के बयानों पर गंभीर है भारत

भारत ने पाकिस्तान में उनके शीर्ष नेताओं की बयानबाजी को गंभीरता से लिया है। भारत पहलगाम आतंकी हमले के बाद जो तमाम देशों के कूटनीतिक अधिकारियों को जानकारी दे रहा है, उसमें इन मिसालों को भी पेश किया जा रहा है, जिससे साफ संकेत जा रहा है कि इस आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ है। पिछले दो बार की तरह भारत की इस बार भी रणनीति है कि पाकिस्तान पर कुछ सख्त कदम उठाने से पहले उसे ग्लोबल जगत में एक्सपोज और अलग-थलग करे।

## ये नया भारत किसी को छेड़ता नहीं लेकिन..., सीएम योगी बोले- आतंकवाद और अराजकता का समाज में कोई स्थान नहीं



**लखनऊ (जीएनएस)।** जीरो टॉलरेंस नीति की पुष्टि करते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पहलगाम आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया और कहा कि ये नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन अगर कोई छेड़ेगा तो उसको छोड़ेगा भी नहीं। लखीमपुर खीरी में जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आतंकवाद और अराजकता का समाज में कोई स्थान नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि मैं उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हमारे समाज में आतंकवाद या अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत सरकार का सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल विकास पर आधारित है। यह गरीबों के कल्याण और सभी की सुरक्षा पर आधारित है। हालांकि, अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने की हिम्मत करता है, तो न्यू इंडिया जीरो टॉलरेंस की अपनी नीति का पालन करते हुए, उसे उसकी समझ में आने वाली भाषा में जवाब देने के लिए तैयार है। यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं है लेकिन अगर कोई छेड़ेगा तो उसको छोड़ेगा भी नहीं।

इससे पहले दिन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी में शारदा नदी के तटीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

## पाकिस्तान ने राजस्थान के पास बॉर्डर पर सेना बढ़ाई, सिंध में छिपाकर जवानों को किया तैनात

राजस्थान सीमा से एक बड़ी घटना सामने आई है, जहां पाकिस्तान ने कथित तौर पर क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण अपनी सेना को बंकरों में रहने का निर्देश दिया है। सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए पाकिस्तानी रेंजर्स और बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) को इन बंकरों में तैनात किया गया है। इसके अलावा, एक मेडिकल टीम ने सिंध में युद्ध अभ्यास किया है, जो संभावित संघर्ष की तैयारी का संकेत देता है। स्थिति के गंभीर होने के कारण पाकिस्तान युद्ध क्षेत्र के लिए सभी आवश्यक संसाधन जुटा रहा है। यह कदम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाया गया है, जिसमें कई भारतीय नागरिकों की जान चली गई थी। भारत ने इस पर तेजी से प्रतिक्रिया देते हुए कड़ा रुख अपनाया है, जिससे पाकिस्तान में चिंता पैदा हो गई है। भारत की सैन्य स्थिति से पता चलता है कि वह कार्रवाई के लिए तैयार है, इसलिए पाकिस्तान की चिंता बढ़ती जा रही है।

## पहलगाम आतंकियों की तलाश के बीच जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़, भारी मात्रा में हथियार जब्त: पुलिस



**जम्मू-कश्मीर (जीएनएस)।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से ही कश्मीर हाई अलर्ट पर है। आतंकवादियों को खोचने के लिए चप्पे चप्पे पर सुरक्षा बलों और भारतीय सेना ने नजर बनाए रखी हैं। ताजा अपडेट आ रही हैं कि पुलिस ने आतंकवादियों के ठिकानों को खोज लिया है। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद जब्त किये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद यह हथियार जब्त किए गए हैं। मंगलवार, 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पर्यटन केंद्र पहलगाम के निकट बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें 26 लोग मारे गए। इनमें अधिकतर पर्यटक थे।

## पहले स्वीकार, अब इनकार, भारत के एक्शन से खौफ में आतंकी संगठन टीआरएफ, पहलगाम हमले से खींचे अपने हाथ

**जम्मू (जीएनएस)।** पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल होने से इनकार किया है, जिसमें 22 अप्रैल को 26 नागरिक मारे गए थे। टीआरएफ, जिसने इस सप्ताह के शुरू में घातक हमले की जिम्मेदारी ली थी, ने एक बयान जारी कर अपने पहले के स्वीकारोक्ति का खंडन किया। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक संदेश में, टीआरएफ ने कहा कि टीआरएफ पहलगाम की घटना में किसी भी तरह की संलिप्तता से साफ इनकार करता है। इस कृत्य के लिए टीआरएफ को जिम्मेदार ठहराना गलत और जल्दबाजी में किया गया कदम है। समूह ने आगे दावा किया कि समन्वित साइबर घुसपैठ के कारण उसके एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक अनधिकृत संदेश पोस्ट किया गया था। गृह मंत्रालय ने आतंकवाद को बढ़ावा देने, आतंकवादियों की भर्ती करने, घुसपैठ की सुविधा देने और 2023 में पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी करने के लिए गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम के तहत टीआरएफ को आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया है। बयान के अनुसार, आंतरिक ऑडिट में बाहरी हेरफेर के संकेत मिले हैं। टीआरएफ ने आरोप लगाया, शुरुआती संकेतों से भारतीय साइबर-खुफिया संचालकों के हाथ होने का पता चलता है। टीआरएफ ने कहा कि जिम्मेदारी का प्रारंभिक दावा उनके संचार नेटवर्क में सेंध लगाकर किया गया था। आतंकी संगठन ने कहा कि वह घुसपैठ के स्रोत की पहचान करने के लिए पूरी आंतरिक जांच कर रहा है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियां इस हमले की जांच जारी रखे हुए हैं, जिसमें अनंतनाग जिले के पर्यटकों से भरे बैसरन मैदान में नागरिकों को निशाना बनाया गया था।

## पहलगाम हमला यूं ही नहीं हुआ, इसके पीछे गहरी साजिश: सुप्रियो भट्टाचार्य

**राँची (जीएनएस)।** पहलगाम में आतंकी हमले की झारखंड मुक्ति मोर्चा ने निंदा की है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भटाचार्य ने कहा कि मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम में, जो देश के दुश्मनों के द्वारा हमला किया गया, इसका हमारी पार्टी निंदा करती है। ऐसी घटनाओ की भर्त्सना करती है। इस प्रकार की घटना केवल संयोग नहीं, एक प्रयोग है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश मे कोई सवेंदनशील मुद्दा सामने आता है। तब-तब ऐसे घटना घटती है। जो महज संयोग नहीं, प्रयोग जैसा लगता है। पुलवामा में भी हमलोगों ने देखा था। वहां 40 जवान शहीद हुए थे। उसी प्रकार मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम में ऐसे समय में हमला हुआ, जब देश कई सवेंदनशील मुद्दे को लेकर चर्चा और बहस चल रही है। उन्होंने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में जब टूरिस्म का पीक समय चल रहा है, ऐसे में वहां कोई सुरक्षा नहीं होना कई सवाल खड़ा करती है। अमरनाथ यात्रा को लेकर उसी पहलगाम में बेस कैम्प बनना है और वहां इस प्रकार के हमला हो जाता है। इतनी बड़ी संख्या में लोग वहां घूमने के लिए पहुचे थे और सुरक्षा कुछ नहीं थी।

# पीएम मोदी ने 51 हजार से अधिक युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, बोले- आपके हाथों में देश का भविष्य

**नई दिल्ली (जीएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारतीय युवाओं की समावेशिता देश में उनके विकास का एक महत्वपूर्ण कारक है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक सभा को संबोधित करते हुए, जहां उन्होंने रोजगार मेले के तहत विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए, प्रधानमंत्री मोदी ने देश की आर्थिक व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने, आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण और मजदूरों के जीवन को बेहतर बनाने में युवाओं की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला।



मोदी ने नवनियुक्त युवाओं से विकसित भारत बनने की दिशा में भारत की प्रगति का समर्थन करने के लिए ईमानदारी से काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी के पत्र दिए गए हैं। आज भारत सरकार के अलग अलग विभागों में आप युवाओं के नए दायित्वों की शुरूआत हुई है। आपका दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण का है, आपका दायित्व श्रमिकों के जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है। उन्होंने कहा कि जब युवा राष्ट्र के निर्माण में भागीदार होते हैं, तो राष्ट्र तेज विकास भी करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को ये दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। हमारी सरकार हर कदम पर ये सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें।

## जून से अगस्त तक होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, ऑनलाइन आवेदन शुरू

**नई दिल्ली (जीएनएस)।**विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त 2025 के दौरान आयोजित की जाएगी। इस वर्ष, 5 बैच में से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे। 10 बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, क्रमशः उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए तथा सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। द्मद्व4.द्द्श1.द्बठ्ठ वेबसाइट आवेदन स्वीकार करने के लिए खोल दी गई है। यात्रियों का चयन आवेदकों में से निष्पक्ष, कंप्यूटर द्वारा तैयार, यादृच्छिक तथा लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। वर्ष 2015 से ऑनलाइन आवेदन से लेकर यात्रियों के चयन तक की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है। इसलिए, आवेदकों को जानकारी प्राप्त करने के लिए पत्र या फैक्स भेजने की आवश्यकता नहीं है। वेबसाइट पर फीडबैक विकल्पों का उपयोग जानकारी प्राप्त करने, टिप्पणियां दर्ज करने या सुधार के लिए सुझाव देने के लिए किया जा सकता है। इस वर्ष आयोजित होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा-2025 के संबंध में नई दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय में आयोजित बैठक में कैलाश मानसरोवर यात्रा-2025 के सुरक्षित संचालन के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।

### 26 अप्रैल ईरान का बुरा वक्त आ गया?

# अमेरिका से परमाणु समझौते की चर्चा के बीच अब्बास बंदरगाह पर बड़ा धमाका



**ईरान (जीएनएस)।** दक्षिणी ईरान में एक बंदरगाह में भीषण विस्फोट और आग लग गई, जिसमें कम से कम 516 लोग घायल हो गए। यह विस्फोट बंदर अब्बास के ठीक बाहर शाहिद राजाई बंदरगाह पर हुआ, जो इस्लामिक गणराज्य के लिए कंटेनर शिपमेंट की एक प्रमुख सुविधा है, जो सालाना लगभग 80 मिलियन टन (72.5 मिलियन मीट्रिक टन) माल संभालती है। सोशल मीडिया वीडियो में विस्फोट के बाद काला धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया। अन्य वीडियो में विस्फोट के केंद्र से किलोमीटर दूर इमारतों से कांच उड़ते हुए दिखाई दिए।

अधिकारियों ने घंटों बाद विस्फोट का कोई कारण नहीं बताया, हालांकि वीडियो से पता चलता है कि बंदरगाह पर जो कुछ भी प्रज्वलित हुआ वह अत्यधिक ज्वलनशील था। ईरान में औद्योगिक दुर्घटनाएँ होती रहती हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन अधिकारी मेहरदाद हसनज़ादेह ने ईरानी सरकारी टीवी को बताया कि पहले बचाव दल उस क्षेत्र में पहुँचने की कोशिश कर रहे थे, जबकि अन्य लोग साइट को खाली करने का प्रयास कर रहे थे। हसनज़ादेह ने कहा कि विस्फोट शहर के राजाई बंदरगाह पर कंटेनरों से हुआ, लेकिन उन्होंने विस्तार से नहीं बताया। सरकारी टीवी ने यह भी बताया कि विस्फोट के कारण एक इमारत ढह गई, हालाँकि तत्काल कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया। राजाएई बंदरगाह ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 1,050 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में होर्मुज जलडमरूमध्य पर है, जो फारस की खाड़ी का संकरा मुहाना है, जहाँ से होकर तेल का 20 प्रतिशत व्यापार होता है। यह विस्फोट उस समय हुआ जब ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका शनिवार को ओमान में तेहरान के तेज़ी से आगे बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर तीसरे दौर की वार्ता के लिए मिले थे।

## राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना और वो अपना कर्तव्य निभाएगा, पहलगाम हमले के बीच मोहन भागवत का बड़ा बयान



**मुँबई (जीएनएस)।** पहलगाम में हुए दुखद आतंकी हमले के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा संघर्ष धार्मिक और सांप्रदायिक विभाजन से परे है। उन्होंने इस संघर्ष को धर्म और अधर्म के बीच संघर्ष बताया, उनके अनुसार यह संघर्ष केवल धार्मिक मतभेदों पर आधारित नहीं है, बल्कि अच्छाई और बुराई के बीच एक बड़ी नैतिक लड़ाई है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है। लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे आप कुछ भी कर लें, वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे, तो इसके बारे में क्या करें? मोहन भागवत ने कहा कि अहिंसा हमारा धर्म है। गुंडों को सबक सिखाना भी हमारा धर्म है। हम अपने पड़ोसियों का कभी अपमान या नुकसान नहीं करते। लेकिन फिर भी अगर कोई बुराई पर उतर आए तो दूसरा विकल्प क्या है? राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। इससे पहले मोहन भागवत ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों से उनके धर्म के बारे में पूछताछ करने के बाद उनकी हत्या कर दी।

# सीवर लाइन खुदाई के दौरान मिट्टी की ढाह खिसकने से दो की मौत



**जनता यूनियन मथुरा ।** परिक्रमा मार्ग श्याम कुटी के समीप सीवर लाइन खुदाई के दौरान मिट्टी की ढाह खिसकने से एक मजदूर सहित दो लोगों की मिट्टी में दबने के कारण दर्दनाक मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना शुक्रवार की रात्रि करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। मलबे के नीचे दबे दोनों मजदूरों को तत्काल सो सैया अस्पताल ले जाया गया जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना से मजदूरों के परिवार में कोहराम मच गया है। रात्रि में हुए इस दर्दनाक हादसे की किसी को कानो कान खबर नहीं हो पाई। दोनों मजदूरों को उपचार के लिए आगरा भी ले जाया गया था।

एक मजदूर का शव पोस्टमार्टम के लिए मथुरा लाया जा रहा है जबकि मृतक विजय जो ठेकेदार का भाई था उसका शव परिजन फिरोजाबाद ले गये।

नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के अन्तर्गत वार्ड सं.-34 में श्यामकुटी के पास से होकर गौरानगर को जाने वाली गली में सीवर लाईन विस्तार कार्य के समय कृष्णा मशीनरी ट्रेडर्स, फिरोजाबाद के दो मजदूरों की मिट्टी ढह जाने के कारण दबने से मौत हो गई।

जिसमें एक मजदूर व दूसरा ठेकेदार का भाई है। बताया जाता है नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के दो जोनों, औरंगाबाद व वृन्दावन में सीवर लाईन विस्तार का कार्य मय मैटेरियल एवं विभिन्न साइज के मैनहोलों का निर्माण कार्य फर्म मैसर्स कृष्णा मशीनरी ट्रेडर्स, फिरोजाबाद द्वारा कराये जा रहे हैं। घटना होने के दौरान मौके पर कोई भी सुरक्षा उपकरण मौजूद नहीं थे इसके अलावा विभाग के इंजीनियर भी अपने-अपने घरों में चैन की नींद सोए हुए थे। बताया जाता है कि जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता का ठेकेदार पर जल्द से जल्द काम करने का भारी दबाव था। चिकित्सकों के अनुसार दोनों मजदूरों के नाक़ मुंह में मिट्टी भर जाने से उनकी मृत्यु हुई है।

मृतक मजदूर नौरंगी 22 वर्ष पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी गांव कुतक पुर थाना रजावली जिला फिरोजाबाद के परिजनों ने ठेकेदार के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विद्युत करंट लगने से दो लोगों की मौत

**जनता यूनियन मथुरा ।** राधा वेली स्थित एक बिल्डिंग में काम करने के दौरान एक बिल्डिंग के फेस डिजाइन करने वाले कारीगर की हाईवोल्टेज का करंट लगने से मौत हो गई। वहीं विद्युत निगम में काम करने वाला एक संविदाकर्मी 11 हजार की हाइवोल्टेज लाइन से चिपक गया। उसकी भी करंट लगने से मौत हो गई। बताया गया कि थाना हाईवे की राधा वेली में आर्चिटेक सचिन अग्रवाल का काम कोटी नंबर 79 में चल रहा था। कोठी में लेबर अपने-अपने कामों में लगी हुई थी। सराय रहमत अलीगढ़ निवासी युवक हसनैन मुस्तफा उर्फ सलमान कोठी के फेस की डिजाइनिंग के लिए काम कर रहा था। कोठी के फेस के ऊपर से होकर 11 हजार केवीए की विद्युत लाइन जा रही थी। कारीगर ने जैसे ही काम शुरू किया उसी समय उसे तेज करंट लगा और वह गिर गया। कारीगर के साथ हुई घटना को देख वहां काम करने वाली लेवर में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में हसनैन मुस्तफा उर्फ सलमान को सिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उसकी चिंताजनक हालत को देखते हुए हायर सेंटर ले जाने को कहा। युवक को कारे बाबू हॉस्पिटल वृंदावन ले जाया गया, लेकिन वहां पर चिकित्सकों ने उसको मना कर दिया। बाद में उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# विश्व हिंदू परिषद ने फूंका आतंकवाद का पुतला




**जनता यूनियन मथुरा ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड गोवर्धन द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगांव में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकवादी हमले को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका। शाम को सभी हिंदू गोवर्धन बस स्टैंड पर एकत्रित होकर पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए एकता तिराहे पर पहुंचे जहां सभी ने पाकिस्तान का पुतला फूंककर अपना आक्रोश प्रकट किया। इसके उपरांत सभी सनातनी मानसी गंगा पहुंचे और पहलगांव हत्याकांड में मारे गए भारतीयों के लिए दीप प्रज्वलन कर दो मिनट का मौन रखा।

विहिप जिलामंत्री मथुरा ग्रामीण योगेश गौतम ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा बहुत ही शर्मनाक कृत्य किया गया है जिसकी पूरा देश निंदा कर रहा है। जिला उपाध्यक्ष ए के सैनी ने कहा कि मेरा देशवासियों से निवेदन है कि कभी इन जेहादियों के कश्मीर न जाएं। ये लोग हमें काफ़िर कहते है और हमारे ही पैसे से हमें मारने की प्लानिंग करते हैं। धर्माचार्य संपर्क प्रमुख ज्ञानेश गौड़ जी महाराज ने बताया कि समस्त जनमानस के मन मे रोष और असंतोष व्याप्त है। इन लोगों ने एक श्रृंखला चलाई है पहले बांग्लादेश फिर पश्चिम बंगाल और अब जम्मू कश्मीर में हिंदुओं को नाम पूछ-पूछकर मारा गया है। जिस दिन हिंदू की सहनशीलता टूटेगी तो पूरा पाकिस्तान नेस्तनाबूद हो जाएगा।

विहिप प्रखंड मंत्री जगदीश गोकुलिया ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इन लोगों द्वारा एक मनोदशा बनाकर काम किया जा रहा है, हमारी संसद में ओवैसी जय फिलिस्तीन के नारे लगाता है। यह सब आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। हमारे देश मे मोदी और प्रदेश में योगी की सरकार है अब ऐसा नहीं चलेगा। निश्चित ही भाजपा सरकार पाकिस्तानी आतंकवाद के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता में बच्चे पुरस्कार पाकर प्रसन्न

**जनता यूनियन मथुरा।** सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान रजिस्टर्ड मथुरा द्वारा भगवान परशुराम प्रादुर्भाव दिवस के अंतर्गत पांच दिवसीय श्रृंखला के द्वितीय दिवस मां वैष्णो देवी विद्या निकेतन में कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर सीमा मिश्रा की अध्यक्षता में रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सर्वप्रथम भगवान परशुराम के चित्रपट पर प्रधानाचार्य विकास गौतम डॉक्टर जमुना शर्मा एवं उपस्थित महिलाओं द्वारा माल्यार्पण किया गया किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा द्वारा भगवान परशुराम के चरित्र पर बच्चों को उद्गार प्रकट करते हुए कहा भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार थे पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता में 90 बच्चों ने भाग लिया जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम वर्षा द्वितीय अंशु तृतीय शिवानी एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम अजर द्वितीय राजलक्ष्मी तृतीय शोमय सभी 6 बच्चों को गिफ्ट सम्मान पत्र मिठाई एवं समस्त बच्चों को सम्मान पत्र रबड़ पेंसिल रंग मिठाई इत्यादि प्रदान किया डॉक्टर जमुना शर्मा द्वारा समस्त छोटे बच्चों को रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता में जिन्होंने भाग लिया था उन सबको बहुत-बहुत आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह बच्चे आगे देश का नाम रोशन करेंगे प्रतियोगिता संपन्न कराने में प्रमुख रूप से सरोज शर्मा पुष्पा शर्मा नंदिनी शर्मा शुभम प्रदीप अखिलेश अनीता शिल्पी अर्चना का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम में पंडित राजेश चतुर्वेदी कमल पचौरी डॉक्टर सीमा मिश्रा विकास गौतम उपस्थित रहे हो कल भगवान परशुराम स्तुति वादन गायन भजन सायंकाल 5:00 बजे प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव जी में होगा।

### 10 मई 2025 को द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी

**जनता यूनियन मथुरा ।** अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,जनपद न्यायालय, मथुरा सुरेन्द्र प्रसाद ने अवगत कराया है कि माननीय मुख्य न्यायाधिपति, सर्वोच्च न्यायालय / मुख्य संरक्षक, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय वरिष्ठ न्यायमूर्ति, सर्वोच्च न्यायालय / माननीय कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भारत वर्ष में माननीय उच्चतम न्यायालय से तहसील स्तर तक दिनांक 10.05.2025 दिन द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 10 मई 2025 को दिन द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय, मथुरा में भी किया जाएगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के वादों (आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, सर्विस में वेतन सम्बंधित विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बंधित विवाद, राजस्व वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, अन्य सिविल वाद, किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, अन्य वाद) का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर अपने-अपने न्यायालयों में किया जाना है।

### पाकिस्तान को सिखाएं सबक:पूर्व सैनिकों

**जनता यूनियन मथुरा ।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मथुरा के तत्वावधान में जिले के पूर्व सैनिकों की नेवी रिजॉर्ट में सेवा निवृत्त ब्रिगेडियर भुवनेश चौधरी की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। जिसमें सभी पूर्व सैनिकों ने पहलग्राम में आतंकियों द्वारा मारे गए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। परिषद के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व जेसीओ चौधरी रामपाल सिंह ने कहा कि पहलग्राम की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब पाकिस्तान को सबक सिखाने का समय आ गया है। पूर्व ब्रिगेडियर भुवनेश चौधरी ने कहा कि दुश्मन के द्वारा किया गया यह कृत्य उनके अंत की नींव रखेगा। शीघ्र ही भारत सरकार बदला लेगी। इसका संचालन पूर्व जेसीओ डॉ. रमेश चन्द ने किया। बैठक में एस के सिंह, बलबीर, राजेश कुमार, केशव, हरिओम, राजबहादुर, ओमवीर, के सी, विजयपाल, राजबीर, बलदेव सिंह, एस एन सिंह आदि ने निर्दोश शहीदों लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गोवर्धन से जानू तक रोडवेज ने शुरू की बस सेवा

**जनता यूनियन मथुरा ।** क्षेत्रीय विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह के प्रयास से गोवर्धन से गांव जानू तक के लिए एक यूपी रोडवेज की बस सेवा आज से प्रारंभ हुई। विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने रोडवेज बस का मंत्रोच्चारों के बीच पूजन कर हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया। बता दें कि गोवर्धन से गांव नीमगांव , भागोसा, पलसों, महरौली, व विधायक के पैतृक गांव जानू आदि गांव के जाने के लिए कोई नियमित यातायात व्यवस्था नहीं थी। ग्रामीण अपने निजी संसाधनों पर ही आश्रित थे।

# अक्षय तृतीय पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त,बैठक कर अधीनस्थों को दिए दिशा निर्देश



**जनता यूनियन मथुरा ।** अक्षय तृतीय पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन किसी प्रकार की कोताही बरतने को तैयार नहीं है। शुक्रवार की देर सांय क्षेत्राधिकारी सदर संदीप कुमार ने वृंदावन कोतवाली में बैठक कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले श्रद्धालु हमारे अतिथि है, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े,इसका विशेष ध्यान दिया जाए।

अगर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना करना पड़ा तो, ड्यूटी में लापरवाही बरतने वालो को बक्शा नहीं जाएगा।

इस दौरान कोतवाली प्रभारी प्रशांत कपिल, अपराध निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, एसएसआई अशोक कुमार,ओमेक्स चौकी प्रभारी अमित कुमार ,मथुरा दरवाजा चौकी प्रभारी रजत दुबे,रंगजी चौकी प्रभारी कृपाल सिंह,अड्डा चौकी प्रभारी कुलबीर सिंह आदि के अलावा संबंधित चौकी प्रभारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**जनता यूनियन मथुरा ।** पहलगाम में निर्दोष लोगों के नरसंहार को लेकर लोगों में उबाल है। जिसको लेकर हिंदूवादी संगठनों ने कस्बे के नेहरू पार्क से कैंडल मार्च निकाला जो कटरा बाजार होते हुए रेतिया बाजार होते हुए मांट रोड पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष मौन धारण कर आतंकी हमले में मारे गए लोगो को श्रद्धांजलि अर्पित की। और आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। इस दौरान चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल भूपेश अग्रवाल मोहन नारायण अग्रवाल राकेश बंसल पवन अग्रवाल अभिषेक पाराशर रामकुमार उपाध्याय विकास चौधरी रामप्रकाश शर्मा अंकुर चौधरी मुकेश पाठक नीरज सोलंकी मोहित अग्रवाल प्रमोद कुमार आकाश शर्मा मुकेश अग्रवाल आदि सैकड़ो हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाबूलाल महाविद्यालय के छात्रों निकाला कैंडल मार्च

**जनता यूनियन मथुरा ।** कस्बे के श्री बाबू लाल महाविद्यालय गोवर्धन में जम्मू कश्मीर के पहलग्राम में हुए आतंकी नरसंहार के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर मृत लोगों को श्रद्धांजलि प्रदान की गई । राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई, महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों और विद्यार्थियों ने मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर रोष व्यक्त किया। इसके बाद कैंडल मार्च निकाला । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लीविस कुलश्रेष्ठ ने कहा कि हम भारत सरकार से चाहते हैं कि इस कुकृत्य का भरपूर बदला लिया जाए । संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धीरज कौशिक ने किया गया । कार्यक्रम में शिक्षण समूह के निर्देशक एडवोकेट नंदकिशोर शर्मा , उपप्राचार्य डॉ. उम्मेद सिंह, डॉ. लक्ष्मी नारायण शर्मा, डॉ. योगेंद्र प्रसाद गोयल, डॉ. राज कपूर वर्मा ,डॉ. रामकुमार यादव, डॉ. नवीन पाल, डॉ. मानवेंद्र चतुर्वेदी, डॉ. विमलेश सिकरवार,डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ. मुक्ति दोहन,पूजा चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं की री चैक कराने की तिथि 19 मई

## बोर्ड ने निर्धारित किया प्रति प्रश्नपत्र 500 रुपये शुल्क लिखित व प्रयोगात्मक के लिए अलग-अलग देना होगा शुल्क

**जनता यूनियन मथुरा ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र., प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा से सम्बन्धित उत्तर पुस्तिकाओं की सन्निरीक्षा(पुनः मूल्यांकन) हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि 19 मई, 2025 निर्धारित की गई है।

यह जानकारी देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि सन्निरीक्षा(पुनः मूल्यांकन) शुल्क रुपया 500-00 (पांच सौ रुपये) प्रति प्रश्नपत्र की दर से (लिखित एवं प्रयोगात्मक खण्ड हेतु पृथक-पृथक) निर्धारित किया है। उत्तर पुस्तिकाओं की री जांच से सम्बन्धित आवश्यक निर्देश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अतऱ्इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित विषयों हेतु निर्धारित शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार मथुरा में जमा करेंगे। तत्पश्चात् ऑनलाइन भरे, सन्निरीक्षा(पुनः मूल्यांकन) आवेदन के विवरणों को डाउनलोड कर उसके प्रिन्ट आउट के साथ सन्निरीक्षा हेतु जमा किये गये सन्निरीक्षा शुल्क के मूल चालान पत्र को उसके सत्यापन हेतु संलग्न कर उसे रजिस्टर्ड डाक से परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ को निर्धारित तिथि 19 मईतक प्रेषित करेंगे। श्री सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय में बिना ऑनलाइन के सीधे, कोरियर अथवा डाक से भेजा गया कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 19 मई, 2025 के पश्चात् जमा किये गये चालान के साथ प्रेषित सन्निरीक्षा के आवेदन पत्र पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसके लिए सम्बन्धित परीक्षार्थी ही उत्तरदायी होगें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को

**जनता यूनियन मथुरा ।** अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुरेन्द्र प्रसाद ने अवगत कराया है कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्य संरक्षक झकार्यपालक अध्यक्ष द्वारा देश में उच्चतम न्यायालय से तहसील स्तर तक 10 मई ( द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन जनपद के जिला न्यायालय परिसर व सभी तहसीलों में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसमें सभी प्रकार के वादों (आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, सर्विस में वेतन सम्बंधित विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बंधित विवाद, राजस्व वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, अन्य सिविल वाद, किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, अन्य वाद) का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर अपने-अपने न्यायालयों में किया जाएगा।

# मंदिर ठाकुर दाऊ जी महाराज-समिति गठित करवाने हेतु निदेशित

**जनता यूनियन मथुरा ।** माननीय अपर जिला न्यायाधीश न्यायालय संख्या 1 ने अवगत कराया है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मैटर अण्डर आर्टीकल 227 नं0-10194/2024 गोविन्द राम पाण्डेय एवं अन्य बनाम नूतन प्रकाश एवं 15 अन्य में पारित आदेश दिनांकित - 21.03.2025 एवं संशोधित आदेश दिनांकित-26.03.2025 द्वारा अधोहस्ताक्षरी (अपर जिला न्यायाधीश न्यायालय संख्या 1) को मंदिर ठाकुर दाऊ जी महाराज, विराजमान, बल्देव, मथुरा के कुशल प्रबन्धन व संचालन हेतु उक्त मंदिर से सम्बंधित 06 थोकों में विभाजित 734 पण्डों / सेवायतों (जैसा कि उक्त आदेश में उल्लिखित है) की एक बैठक आयोजित करने, उक्त मंदिर के संचालन से सम्बंधित पूरक अनुबंधपत्र में वर्तमान पण्डों / सेवायतों के नाम सम्मिलित किए जाने और तत्पश्चात उक्त 734 सदस्यों द्वारा उक्त मंदिर के प्रबंधन हेतु एक समिति गठित करवाने हेतु निदेशित किया गया है।

अधोहस्ताक्षरी (अपर जिला न्यायाधीश न्यायालय संख्या 1) को उक्त मंदिर के पूर्व कार्यरत रिसीवर द्वारा उपलब्ध कराई गई 06 थोकों में विभाजित 779 पण्डों / सेवायतों की सूची के आधार पर उक्त 779 पण्डों / सेवायतों की बैठक हेतु सार्वजनिक सूचना दिनांक- 01.04.2025, 07.04.2025, 16.04.2025 एवं 19.04.2025 के माध्यम से सूचित किया जा चुका है। कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त 779 पण्डों/सेवायतों की सूची व उक्त सार्वजनिक सूचनाओं को उक्त मंदिर के नोटिस बोर्ड एवं अन्य सहज दृश्यस्थल पर चस्पा किया जा चुका है। सार्वजनिक सूचना दिनांकित - 16.04.2025 व 19.04.2025 के माध्यम से उक्त 779 पण्डों / सेवायतों को यह भी निदेशित किया गया था कि जिन सेवायतों के परिवारीजन / सेवायतगण बल्देव, जनपद मथुरा से बाहर निवास करते हैं, वह उन्हें दूरभाष के माध्यम से या अन्य माध्यम से उक्त 07 सदस्यीय प्रबन्ध समिति की चयन प्रक्रिया के सम्बंध में अवगत कराना सुनिश्चित करें। किन्तु अभी तक उक्त सूची में वर्णित सभी व्यक्ति बैठक हेतु उपस्थित नहीं हुए हैं।

## ट्रेन से उतरने के दौरान सेना के हवलदार का पैर फिसला

**जनता यूनियन मथुरा ।** दिल्ली से मथुरा के लिए गौंडवाना एक्सप्रेस से यात्रा करने के दौरान मथुरा जंक्शन पर ट्रेन से उतरने के दौरान एक सैनिक का पैर फिसल गया, जिसके चलते ट्रेन से कटकर मौत हो गई। थाना हाईवे के नगला बौहरे के रहने वाले बलकार सिंह सेना में हवलदार थे। बताया गया कि कल छुट्टी लेकर वह गौंडवाना एक्सप्रेस में सवार होकर दिल्ली से मथुरा के लिए आ रहे थे। मथुरा जंक्शन पर ट्रेन के रुकने के बाद वह जैसे ही उतर रहे थे। उनका पैर फिसल गया और वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच में आ गए। ट्रेन से कटने के कारण उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने इस दुखद घटना के बारे में हवलदार के परिवारीजनों को सूचना दी। हवलदार की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# संस्कृति लीडरशिप कॉन्क्लेव: लीडर बोले चुनौतियां का सामना डटकर करें




**जनता यूनियन मथुरा ।** संस्कृति बिजनेस एंड लीडरशिप कॉन्क्लेव में भाग लेने आए विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों ने कहा कि आपको वो काम करना चाहिए जिसमें आपको खुशी मिले। अपने काम के दौरान जो भी चुनौती आए उसका डटकर सामना करें और जहां से भी जिससे भी सीखने का मौका मिले सीखें। प्रथम सत्र में सनातन, शिक्षा और स्वास्थ्य पर जगदगुरु सतीशाचार्य, एचआईआईएमएस के संस्थापक आचार्य मनीष और संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने विद्यार्थियों को तीनों ही क्षेत्र से जुड़ी बारीकियों को बताया और इन क्षेत्रों में लीडर बनने के गुरुमंत्र भी दिये। जगदगुरु सतीशाचार्य ने बताया कि कम पढ़ने के बाद भी कैसे सफल हुआ जा सकता है, गुरुमंत्र के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बच्चे जब अपनी संस्कृति और धर्म को जानेंगे तब वे राम और कृष्ण जैसे बनेंगे। माता-पिता को सुख प्रदान करें आपको कभी संकट का सामना नहीं करना होगा। चांसलर डा. सचिन गुप्ता ने कहा कि बच्चे मानवीय मूल्यों को जानें, उनके अंदर आत्म अनुशासन हो तभी उनकी बुनियाद अच्छी होगी। आचार्य मनीषजी ने कहा कि विद्यार्थियों को वेदों में बताए छह पुरुषार्थो को अपनना चाहिए। विद्यार्थी अपने स्वास्थ्य का भी गंभीरता से ध्यान रखें। जिम जाकर प्रोटीन शेक पीना व्यर्थ है। इनके साइड इफेक्ट बहुत खतरनाक हैं। अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए विद्यार्थियों को खाना वज्रआसन में बैठ के खाना चाहिए और सूर्यास्त के बाद नही खाना चाहिए। तुलसी और गिल्ओय का कढा बना के पीना चाहिए।

दूसरे सत्र में वैल्युसेंट कंपनी के मालिक और वित्तीय सलाहकार विकास एस.चतुर्वेदी, फंड्स इंडिया प्राइवेट वेल्थ के परेश के.तापड़िया से, वित्तीय सेवाओं और रणनीतिक नवाचार में निपुण विमल त्रिपाठी से ' रोल ऑफ बूटस्ट्रेपिन वर्सेस वेंचर कैपिटल फॉर अर्ली स्टेज स्टार्टअप', विषय पर अनेक सवालों के द्वारा वित्तीय जगत की बारीकियों को जाना गया। आर्थिक विशेषज्ञ विकास चतुर्वेदी ने बताया कि किस तरह भारतीय संस्कृति को यूरोपीय संस्कृति प्रभावित कर रही है और इनका सम्बन्ध आने वाले व्यवसाय को किस तरीके से आगे बढ़ाने में मददगार रहेगा। उन्होंने अपनी बातों को आगे बढ़ाते हुए ये भी बताया कि ये यूरोप किस तरीके से वैश्विक व्यापार में बढ़ौतरी करेगा। परेशजी ने कहा कि अच्छे भविष्य के लिए हमेशा एक विद्यार्थी आपके अंदर ज़िंदा रहना चाहिए। अपने ऊपर ध्यान देना चाहिए, धन निवेश से ज़्यादा महत्वपूर्ण है स्वयं पर निवेश।असफलता ही विकास की कुंजी है। बैंकिंग क्षेत्र के दिग्गज विमल ने बताया कि हमें सबसे पहले ग्राहक की आवश्यकता को समझना चाहिए क्योंकि ग्राहक ही भगवान है। अगर कोई व्यवसाय आपको तीन साल में अपेक्षित रिटर्न दे रहा है तो आपका आइडिया अच्छा है। आत्म आलोचनात्मक बनें। उन्होंने कहा फाइनेंसियल लिटरेसी को पाठ्यक्रम में जोड़ना चाहिए।

# बेतवा नदी में दर्दनाक हादसा: नौका डूबने से पिता-पुत्र की मौत, तीन लोगों की बचाई गई जान





**झांसी जयूसं।** एरच थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हो गया। ग्राम डिकौली के पास बेतवा नदी में नौका विहार कर रहे परिवार की नाव अचानक जलमग्न हो गई। इस हादसे में पिता और पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

## जन्मदिन के बाद नौका विहार करने गया था परिवार

एरच कस्बे में एक बच्चे का जन्मदिन पार्टी आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम में सम्मिलित होने कुछ रिश्तेदार भी पहुंचे थे। समारोह के बाद राकेश कुशवाहा अपने पुत्र अंशुल के साथ डिकौली घाट के पास नौका विहार करने पहुंचे। इसी दौरान तीन लोग नाव से उतरकर नदी में नहाने लगे, जिससे नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह पलटकर पानी में डूब गई।

## हादसे में पिता पुत्र की मौत, तीन को बचाया

हादसे की सूचना मिलते ही एरच थाना प्रभारी नीलेश कुमारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। अथक प्रयासों के बाद तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वहीं राकेश कुशवाहा (पिता) और अंशुल (पुत्र) को बचाया नहीं जा सका। गोताखोरों की मदद से दोनों के शव पानी से बाहर निकाले गए।

## पुलिस का बयान

थाना प्रभारी नीलेश कुमारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बेतवा नदी में नौका विहार के दौरान यह हादसा हुआ। दो लोगों की मौत हो चुकी है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए झांसी भेज दिया गया है। ग्रामीणों और परिवार में इस हादसे के बाद मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नदी या अन्य जलाशयों में नौका विहार करते समय विशेष सतर्कता बरतें और सुरक्षा नियमों का पालन करें।

# ग्वालियर के अधिवक्ता समेत दो पर मुकदमा दर्ज

**झांसी जयूसं।** ट्रेन में टीटीई से अभ्रद्र व्यवहार करने और गाली गलौज करने के मामले में जीआरपी ने वकील आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वकील द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर रेलवे स्टॉफ में काफी आक्रोश व्याप्त है। वहीं, टीटीई द्वारा दुर्व्यहार की शिकायत पर रेलवे अफसरों ने जांच कराई। जांच में टीटीई सही पाया गया जबकि वकील की गलती थी। इस मामले में डीआरएम ने मुकदमा दर्ज करवाने के निर्देश दिए थे।

सीनियर टीसी पुनीत कुमार ने जीआरपी को दी तहरीर में बताया कि वह बीती 11 अप्रैल को ट्रेन नंबर 20423 सिवनी-फिरोजपुर कैंट पातालकोट एक्सप्रेस के स्लीपर कोच स्-5,6 व 7 में टिकट चेकिंग की ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान उन्हें एक यात्री जनरल टिकट पर यात्रा करते हुए मिला था। इस पर उन्होंने रसीद बनवाने के लिए कहा तो यात्री रसीद बनवाने के लिए तैयार हो गया। जब वह ये पूरी प्रक्रिया कर रहे थे तो इसी दौरान दो लोग आए और उनसे बोले कि तुम अवैध वसूली कर रहे हो। आरोप है कि दोनों लोगों ने उनका टिकट चार्ट फीडिंग वाला टैबलेट और रसीद बुक भी छीन ली। साथ ही वीडियो बनाते हुए गाली गलौज करने लगे। इसके बाद अन्य यात्रियों की मदद से टैब और रसीद बुक वापस मिल सकी। टीटीई ने कहा कि जब वह आरोपियों से बचते हुए कोच नम्बर स्-7 में पहुंचे तो आरोपी वहां आ गए। उनका कहना था कि कुछ समझ लो नहीं तो तुम्हारी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाएगी। इस पर पीड़ित टीटीई ने झांसी कंट्रोल रूम को सूचना देते हुए दोनों लोगों को झांसी स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी के हवाले कर दिया।

# ड्राइवर को आई झपकी, लोडिंग आपे विद्युत पोल से टकराई— एक की मौत, दूसरा घायल



**झांसी जयूसं।** गरौठा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे में लोडिंग आपे विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गरौठा-मऊरानीपुर मार्ग पर उस वक्त हुई, जब राजश्री गुटका लेकर जा रही लोडिंग आपे के चालक को अचानक झपकी आ गई।

बताया जा रहा है कि लोडिंग आपे मऊरानीपुर से गरौठा की ओर जा रही थी। तभी मोती विद्यालय के पास चालक को झपकी आने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई। जोरदार टक्कर के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊरानीपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, वहीं चालक को मामूली चोटें आईं। मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है।

हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। उन्होंने इस घटना को सड़क हादसा मानने से इनकार करते हुए इसे एक सोची-समझी साजिश बताया। परिजनों का कहना है कि मृतक की पहले से किसी से रंजिश चल रही थी और यह हादसा नहीं, बल्कि हत्या की साजिश है। घटना की सूचना मिलते ही गरौठा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और परिजनों के आरोपों की भी पड़ताल की जा रही है।

मृतक के परिजन उमेश? कुमार बोले- ÷यह कोई सामान्य हादसा नहीं है। मेरे भाई की पहले से कुछ लोगों से रंजिश चल रही थी। ये सब प्लान के तहत हुआ है। हम प्रशासन से न्याय की मांग करते हैं। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत किए शोध पत्र



**झाँसी जयूसं।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के शोधार्थियों ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में आयोजित आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग कर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। यह अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत का पुनरावलोकन- राष्ट्रीय एकता, समावेशी शासन और विकसित भारत 2047 की दृष्टि विषय पर केंद्रित थी।

इस संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के शोधार्थी मोहिनी सिंह यादव, प्रिया श्रीवास्तव, क्रांति, मोनल, अभिलाषा दुबे, जतिन सोनी, हेमंत कुमार, अंकुर चाचरा एवं दिव्या निगम ने अपने शोध पत्रों का सफलतापूर्वक प्रस्तुतीकरण किया। इनके शोध पत्रों में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया गया, जिसे विशेषज्ञों ने सराहा।

बीएचयू के प्रोफेसरों ने न केवल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के उत्कृष्ट शोध कार्य की सराहना की, बल्कि विश्वविद्यालय द्वारा 26 जनवरी और 15 अगस्त जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर लड्डू के स्थान पर मिलेट्स कुकीज़ (मोटे अनाज से निर्मित कुकीज़) वितरित करने की पहल की भी विशेष प्रशंसा की।

विशेष रूप से प्रोफेसरों ने शोधार्थी जतिन सोनी और मोहिनी सिंह यादव के शोध कार्य को अत्यधिक सराहनीय और प्रेरणादायक बताया। दोनों के शोध कार्य को विकसित भारत 2047 की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला माना गया।

### अमृत पेयजल योजना में देरी पर पूर्व मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को दी कड़ी चेतावनी



**झाँसी जयूसं।** पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रदीप जैन आदित्य के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल अमृत पेयजल योजना के अधिशासी अभियंता इंजी. मुकेश पाल सिंह से मिला। पूर्व मंत्री ने जल निगम के अधिकारियों के साथ गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा जनता से किए गए वादों को अगर समय पर पूरा नहीं किया गया, तो जनता का सरकार और प्रशासन दोनों से भरोसा उठ जाएगा।

पूर्व मंत्री ने कहा, एक तरफ मुख्यमंत्री बुंदेलखंड के हर गांव और शहर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के दावे कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ झांसी जैसे महत्वपूर्ण शहर में लोग आज भी पानी के लिए जूझ रहे हैं। यह स्थिति बेहद शर्मनाक है और अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, शैलेंद्र वर्मा शीलू, अमीर चंद आर्य, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, एम .सी. वर्मा व अशोक कन्सौरिया आदि शामिल रहें ।

### लघु उद्योग भारती झांसी ने मनाया अपना 32वा स्थापना दिवस

**झाँसी जयूसं।** भारत के सबसे बड़े सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग संगठन लघु उद्योग भारती ने आज झांसी में अपने 32 वा स्थापना दिवस का आयोजन सिविल लाइन स्थित प्रांगण में किया। इस अवसर पर शुभारंभ विशिष्ट अतिथि संजय, पटवारी, अध्यक्ष राजीव मेहता, जिला महामंत्री इ॰ मुकेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सुरिंदर पाल सिंह, विवेक जैन, राजू पुरवार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया किया इस अवसर पर आनंद सूरी, राजीव श्रीवास्तव, अमिताभ नगरिया, अक्षय बंसल, अजय साहू, अचल मेहता, सुशील परेचा, संजीव मेहता, दीपक बंसल, नितिन सिंघल, प्रदीप अरोड़ा आदि उपस्थित रहे। स्थापना दिवस पर नए सदस्यों राकेश अग्रवाल, दिनेश सेठी, युवराज जैन, आलोक मित्तल, विवेक जैन आदि द्वारा केक काटा गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन आयुष बंसल और संचालन मुकेश गुप्ता द्वारा किया गया। सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिए गए। उनका आभार और धन्यवाद महासचिव इ.मुकेश गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया।

# नए कप्तान को खुश करने के लिए फिर पकड़ा गांजा

■ कई साल गुजरने के बाद भी नहीं पकड़े जा रहे हैं गांजा तस्करी के मास्टर माइंड



**झांसी जयूसं।** गांजा तस्करों ने झांसी को अपना अड्डा बना लिया है। ऐसा कोई माह नहीं जाता, जिस माह गांजा तस्करी नहीं पकड़ी जा रही हो। नए पुलिस कप्तान को खुश करने के लिए एक बार फिर झांसी पुलिस ने गांजा पकड़ा लिया है। इसकी कीमत एक करोड़ से अधिक आंकी गई है। इस मामले में दो तस्करों को जरुर पकड़ा है। हालांकि कई साल गुजरने के बाद अभी तक गांजा तस्करी करने वाला मास्टर माइंड नहीं पकड़ा गया है।

## गांजा के तीन सौ पैकेट बरामद

पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि झाँसी-ललितपुर हाईवे पर ट्रक क्रमांक (पीबी 13 एबी-3517) में भारी मात्रा में अवैध गाँजा तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए गोविन्द ढाबा के पास हाईवे के किनारे खड़े ट्रक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक में काजू के छिलके के नीचे ट्रक की बॉडी में बने विशेष पटरों के नीचे छिपाकर रखे गए 300 पैकेट अवैध गाँजा, कुल वजन 311.437 किलोग्राम, बरामद किया गया।

## उड़ीसा से लुधियाना ले जाया जा रहा था गांजा

इस मामले में पुलिस ने मौके से अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र राम नक्षत्र प्रसाद, निवासी जहू परसिया थाना नियर पकड़ी बाजार, जिला देवरिया, हाल पता जीवन नगर, गली नम्बर 15, हाउस नम्बर 199, फोकल प्वाइंट, लुधियाना (पंजाब) उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह यह अवैध गाँजा उड़ीसा के सोनपुरा से लुधियाना ले जाकर बेचने जा रहा था। यह काम वह अपने साथी %पण्डित% नामक व्यक्ति, निवासी लुधियाना के साथ मिलकर करता है। अभियुक्त ने यह भी खुलासा किया कि ट्रक में गाँजा छुपाने के लिए जो विशेष ढांचा बनाया गया था, वह उड़ीसा में बनवाया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ती ने पुलिस टीम की इस सराहनीय कार्रवाई के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी।

# बी एच ई एल द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम सरवॉ (वि. ख. बबीना) में चिकित्सा शिविर आयोजित किया एवं पोषण सामग्री वितरित की

**झाँसी जयूसं।** सार्वजनिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनी भेल झांसी द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम सरवॉ (वि. ख. बबीना) में स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया तथागरीब महिलाओं को सेनेटरी पैड्स तथा आदिवासी परिवारों के बच्चों को पोषण सामग्री वितरित की गई । कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. श्रीमती फरहत रूही चिकित्सा अधीक्षक भेल चिकितसालय ने किया । चिकित्सा शिविर में भेल के डाक्टरों ने 200 से अधिक ग्राम वासियों की चिकित्सा जांच की एवं उनको यथोचित दवाइयॉ वितरित कीं । साथ ही ग्राम की महिलाओं को सेनेटरी पैड्स वितरित किये एवं उनको स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता सम्बंधी निर्देश दिये और गरीब एवं आदिवासी परिवारों के 100 से ज्यादाबच्चों को पोषण सामग्री वितरित की गई । मुख्य अतिथि डा. श्रीमती फरहत रूही ने अपने उद्बोधन मे कहा कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य की जननी है अत- सभी ग्राम वासियों को स्वयं तथा अपने परिवारों के दैनिक जीवन में विशेषत- खानपान में स्व्च्छता का ध्यान रखना चाहिये। महिलाओं को सम्बोधित करते हुए उनके विशेष दिनों मे सेनेटरी पैड्स के प्रयोग करने सम्बंधी निर्देश दिये ।



# चार पहिया वाहन में मिला अज्ञात युवक का शव

**झांसी जयूसं।** खजुराहो राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क किनारे खड़ी एक चार पहिया वाहन में एक युवक का शव मिलने की सूचना सामने आई। मामला मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत वरियाबेर बस स्टॉप के पास का है, जहां एक संदिग्ध अवस्था में खड़ी गाड़ी में युवक मृत अवस्था में पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि वरियाबेर बस स्टॉप के समीप एक चार पहिया वाहन क्रमांक (एमपी 07-सीडी 6054) कई घंटों से संदिग्ध हालात में खड़ा है। सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जब गाड़ी के सभी दरवाजे लॉक मिले, तो पुलिस ने मिस्त्री को बुलाकर गाड़ी का लॉक खुलवाया। गाड़ी का लॉक खुलते ही सामने का नज़ारा देख हर कोई हैरान रह गया। गाड़ी की ड्राइवर सीट पर एक युवक मृत अवस्था में पड़ा मिला। शव की तत्काल शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने गाड़ी और आसपास के इलाके से जरूरी साक्ष्य एकत्र किए। कोतवाली पुलिस ने युवक की पहचान करने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। फिलहाल युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोग भी इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।

# तीन बदमाश गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद



**झांसी जयूसं।** रेलवे पुलिस और आरपीएफ की क्राइम विंग टीम ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी के मोबाइल फोन आदि सामग्री बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। यहां से उनको जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक -रेलवे विपुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जीआरपी, आरपीएफ व आरपीएफ क्राइम विंग टीम ने वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन के पास से दो बदमाशों को पकड़ लिया। रेलवे पुलिस के मुताबिक कानपुर देहात के थाना मूसानगर के गोसगंज निवासी विनय परनामी और गोण्डा निवासी लालमन को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक लेडीज बैग, आधार कार्ड, पासबुक, चेकबुक, मोबाइल फोन, कृत्रिम ज्वैलरी, कैश आदि सामग्री बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए दोनों को बदमाशों को अदालत में पेश किया। वहां से उनको जेल भेजा गया। वहीं, जीआरपी और आरपीएफ टीम ने ललितपुर के रजवारा निवासी नीरज कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश किया। वहां से उसको जेल भेजा गया।

## डीआरएम ने विभिन्न स्टेशनों का किया निरीक्षण

**झांसी जयूसं।** मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा द्वारा ग्वालियर-धौलपुर और ग्वालियर-भिंड खंड के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। सबसे पहले रायरू स्टेशन का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक नेसभी बिजली संस्थापनों की गहनता से जांच की गई। सभी एमसी, फायर एक्सटिंग्विशर आदि की वर्किंग टेस्टिंग की गई। लूज तारों को जल्द से जल्द सुव्यवस्थित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मंडल रेल प्रबंधक ने ग्वालियर स्टेशन पहुंचकर अग्निकांड स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन की वायरिंग की जांच की। ग्वालियर स्टेशन पर श्री सिन्हा द्वारा फूड स्टॉल का भी निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण अभियान में मुख्य परियोजना प्रबंधक पी .के सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजी.-समन्वय आशुतोष चौरसिया, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अखिल शुक्ल, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजी.-सामान्य नितिन गुप्ता, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम इंजी.नरेन्द्र सिंह,वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम इंजी./मेनलाइन विष्णु शंकर गुप्ता, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी गिरीश कंचन, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजी.-ओ एंड एफ गौरव सहित अन्य अधिकारी, निरीक्षक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन




**झांसी जयूसं।** बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. जितेंद्र कुमार शर्मा ने विशेषज्ञों का स्वागत कर सेमिनार का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम को सराहते हुए छात्रों को नवाचार के लिए तथा उसे बौद्धिक संपदा अधिकार के विविध प्रकार मे प्रकाशन करने हेतु प्रेरित किया । उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन छात्रों के करियर और व्यक्तित्व विकास के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।उन्होंने कहा आईपी कानूनों को समझने और उनका सम्मान करने से, हम बौद्धिक संपदा की चोरी को रोक सकते हैं और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा दे सकते हैं। राष्ट्रीय सेमिनार की विशेषज्ञ पेटेंट ऑफिस दिल्ली की पेटेंट एवं डिजाइन परीक्षक डॉ. लक्ष्मी मीना ने विस्तार से पेटेंट फायलिंग, कॉपी राईट, ट्रेड मार्क, जि आय इत्यादी के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रः छात्राओं, संकाय सदस्यों, देशभर से जुड़े सभी प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया। उन्होंने कहा बौद्धिक संपदा आधुनिक नवाचार की रीढ़ है, जिसमें पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और डिज़ाइन शामिल हैं। यह मानव विचारों और रचनाओं के मूल्य को पहचानता है, उन्हें भौतिक संपत्ति की तरह सुरक्षित करता है। पेटेंट, उदाहरण के लिए, आविष्कारों की रक्षा करते हैं, आविष्कारकों को विशेष अधिकार प्रदान करते हैं और अनुसंधान और विकास में निवेश को प्रोत्साहित करते हैं।राष्ट्रीय सेमिनार की संयोजिका प्रो. शहनाज़ अयूब ने बताया कि संस्थान में छात्रों को नवाचार से वेंचर बनाना सिखाया गया । जिसमें आयडिया, कस्टमर , मार्केटिंग एनालिसिस , प्रोटोटाइप बिल्डिंग , वित्तीय प्रबंधन इत्यादि विषय पर एक कोर्स कराया जा रहा है । इस कोर्स से छात्रों में उद्यमिता के कौशल को विकसित करने में मदद हो रही है । उन्होंने बताया जो आयडिया बौद्धिक संपदा अधिकार के अंतर्गत पेटेंट के योग्य होंगे उन्हें पेटेंट फाइल करने मे हर सम्भव मदद की जाएंगी। अंत मे उन्होने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# औषधीय गुणों से भरपूर है मुलेठी



■ हार्ट ब्लॉकेज रोकने में मददगार

■ मुलेठी में एंटीऑक्सिडेंट और प्रोटीन जैसे तत्व

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। मुलेठी एक औषधीय जड़ी-बूटी है, जो औषधीय गुणों से भरपूर है। आयुर्वेद में मुलेठी का उपयोग विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से निजात पाने के लिए किया जाता है। मुलेठी का सेवन हार्ट ब्लॉकेज को रोकने में मददगार साबित हो सकता है।


मुलेठी का सेवन रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे हृदय तक रक्त (खून) का प्रवाह सुचारू रहता है और हार्ट ब्लॉकेज की आशंका कम हो जाती है। मुलेठी में एंटीऑक्सिडेंट और प्रोटीन जैसे तत्व हृदय की मांसपेशियों को मजबूत करते हैं और हृदय संबंधी सूजन को कम करते हैं, जिससे हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है। मुलेठी का सेवन कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी नियंत्रित करता है, जो हार्ट ब्लॉकेज से बचाव में सहायक होता है।

आयुर्वेद में हृदय रोग के मरीजों को तीन से पांच ग्राम मुलेठी के चूर्ण को 15 से 20 ग्राम मिश्री वाले पानी के साथ रोजाना सेवन करने की सलाह दी जाती है, जिससे हृदय की सेहत में सुधार होता है और हार्ट ब्लॉकेज का खतरा भी कम होता है। मुलेठी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण हृदय की सूजन और तनाव को कम करने में कारगर होते हैं, जो हृदय रोगों की रोकथाम में अहम भूमिका निभाते हैं।

हार्ट ब्लॉकेज के अलावा मुलेठी का सेवन मुंह के छाले, गला बैठना, गले की खराश और खांसी के लिए भी किया जाता है। हालांकि, रोग के हिसाब से मुलेठी का सेवन अलग-अलग तरीकों से किया जा सकता है।

मुलेठी की तासीर ठंडी होती है। आयुर्वेद के अनुसार, इसका सेवन कोई भी कर सकता है। पित्त प्रकृति के लोग भी इसका सेवन कर सकते हैं। हालांकि, संतुलित मात्रा में ही इसका इस्तेमाल करना चाहिए। अधिक मात्रा में इसके सेवन से मांसपेशियों में कमजोरी और अन्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसलिए, इसका सेवन करने से पहले वैद्य से परामर्श जरूर करें। गर्भवती महिलाओं को डॉक्टर की सलाह के बिना मुलेठी का सेवन कतई नहीं करना चाहिए।

# रील वाली दुनिया में 'फील' नहीं, फोटो की फ्रेम से भी नहीं सज रही घरों की दीवारें



डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल से बढ़ती आंखों की बीमारी की महामारी

2050 तक विश्व की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या निकट दृष्टिदोष से ग्रस्त होगी

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। तकनीक का विकास जिस तेजी से हो रहा है, उतनी तेजी से मानव के दिमाग का विकास भी हो यह संभव नहीं है। दिमाग के विकास की एक सतत प्रक्रिया है। लेकिन, आज के जमाने में तकनीकी विकास की अंधी दौड़ में शिशु कितनी तेजी से अपनी उम्र से ज्यादा मैच्योर हो जा रहे हैं। यह समझते-समझते देर हो चुकी होती है। दरअसल, हम जिस कालखंड में जी रहे हैं, यहां जितनी तेजी से तकनीक बदल रही है। उससे ज्यादा तेजी से उसे स्वीकार करने वालों की संख्या बढ़ रही है, जिसमें ज्यादातर शिशु हैं या फिर युवा। लेकिन, उनको पता ही नहीं होता कि कब यही तकनीकी विकास उनके लिए अभिशाप बन जाता है।

मानसिक स्वास्थ्य पर इन शॉर्ट-फॉर्म वीडियो (जिसको रील कहते हैं) के प्रभाव के बारे में चिंताओं के बाद, डॉक्टर अब एक नए बढ़ते संकट से होने वाली 'आंखों की क्षति' को लेकर चिंतित हैं।

आपके और आपके बच्चों के द्वारा बिताया गया अत्यधिक स्क्रीन टाइम, विशेष रूप से इंस्टाग्राम, टिकटॉक, फेसबुक और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील देखने से नेत्र विकारों में वृद्धि हो रही है।

इसके बारे में कई नेत्र रोग विशेषज्ञों ने समय-समय पर अपनी राय दी है। इससे पहले चिकित्सक एक-दो मिनट की रील (वीडियो) देखने की लत से दिमाग पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को लेकर चिंता जता चुके हैं। वह पहले ही कह चुके हैं कि यह आपकी मेमोरी को खत्म कर रहा है। इसका दुष्प्रभाव आपकी याददाश्त पर साफ नजर आ रहा है।

नेत्र चिकित्सक तो इसे 'साइलेंट एपिडेमिक ऑफ डिजिटल आई स्ट्रेन' (डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल से बढ़ती आंखों की बीमारी की महामारी) तक बता रहे हैं। नेत्र चिकित्सकों ने तो यहां तक स्पष्ट कर दिया है कि इसकी वजह से आंखों में खुश्की, निकट दृष्टि दोष, आंखों में दबाव और भेंगापन जैसे मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह चिकित्सकों के अनुसार रील देखने की वजह से पलकें झपकने की दर में 50 प्रतिशत की कमी को माना गया है। वयस्कों में तो यह नीली रोशनी के कारण अक्सर सिरदर्द, माइग्रेन और नींद संबंधी विकार उत्पन्न कर रहा है।

चिकित्सकों का मानना तो यहां तक है कि 2050 तक विश्व की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या निकट दृष्टिदोष से ग्रस्त होगी।

इसके साथ ही मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि यह रील देखने की लत सामाजिक अलगाव, मानसिक थकान और 'संज्ञानात्मक अधिभार' यानी जरूरत से अधिक सूचना का संग्रह जैसी चिंताजनक प्रवृत्ति को जन्म दे रहा है। लोगों का संबंध भी वास्तविक दुनिया से कटता जा रहा है और वे आभासी दुनिया के गुलाम बनते जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पारिवारिक रिश्ते खराब हो रहे हैं। साथ ही बच्चों का ध्यान शिक्षा के प्रति कम होता जा रहा है।

वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तो यहां तक कह रहे हैं कि शॉर्ट वीडियो देखने की यह लत आपकी बॉडी क्लॉक को बिगाड़ रही है।

इसका परिणाम यह हो रहा है कि रील के जरिए फील लेने की कोशिश में अत्यधिक डिजिटल उपभोग अक्सर खालीपन की भावना की ओर ले जाता है। इसके बाद भी हम संतुष्ट महसूस करने के बजाय, अक्सर खुद को और अपने आसपास की दुनिया से अधिक अलग पाते हैं। यह मानसिक प्रदूषण का प्रकार है, जो स्पष्ट रूप से सोचने और इरादे से जीने की क्षमता को धुंधला करता है। इसकी वजह से हो यह रहा है कि कोई भी जीवन के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने के बजाय, सूचना का निष्क्रिय प्राप्तकर्ता बन जाता है और अपने स्वयं के विचारों और भावनाओं से संपर्क खो देता है।

चीन के तियानजिन नॉर्मल यूनिवर्सिटी और अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स के वैज्ञानिकों की मानें तो रील एडिक्शन वाले लोग न सिर्फ दूसरों की तुलना में एक अलग ब्रेन मॉर्फोलॉजी या स्ट्रक्चर डेवलप करते हुए दिखाई देते हैं। बल्कि इस लत वाले लोग पर्सनलाइज्ड कंटेंट को हद से ज्यादा कंज्यूम करते हैं, यह इस हद तक होता है कि ये इनकी दूसरी एक्टिविटीज में निगेटिव तरीके से दखल देने लगता है।

# मलेरिया मुक्त भारत की ओर लगातार प्रयास कर रही है सरकार



**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। हर साल 25 अप्रैल को 'विश्व मलेरिया दिवस' मनाया जाता है ताकि मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक किया जा सके। इस वर्ष की थीम है -'मलेरिया एंड विद अस रीइनवेस्ट, रीइमेजिन, रीइग्नाइट', जिसका मकसद है मलेरिया को जड़ से मिटाने के लिए दुनियाभर से लेकर गांव-शहरों तक नए उत्साह से काम करना। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल ने कहा कि सरकार 'मलेरिया मुक्त भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर अनुप्रिया पटेल ने कहा कि विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर हम सभी की जिम्मेदारी है कि मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाएं और इसे समाप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करें। उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार 'मलेरिया मुक्त भारत' के लक्ष्य की दिशा में लगातार काम कर रही है। आइए, हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं।

मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है।

# दीप्ति नवल ने दिखाई कश्मीर की पहली यात्रा की झलक, बोलीं, 'आतंकी हमले से दुखी हूं'



**मुंबई,** (एजेंसियां)। बीते जमाने की अभिनेत्री दीप्ति नवल सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपने जज्बात वहां शेयर करती रहती हैं। लेटेस्ट पोस्ट में अभिनेत्री ने बताया कि वह कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से दुखी हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पहली कश्मीर यात्रा की झलक भी दिखाई। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा कि बैसरन, 1977 - कश्मीर की मेरी पहली यात्रा। मैं पहलगाम की स्थिति, समाचार देखकर, दर्द से तड़पते हमारे भाइयों और बहनों की क्लिप देखकर बहुत दुखी हूं। मैंने घाटी का कई बार दौरा किया है, लेकिन घाटी में निर्दोष पर्यटकों की हत्याओं से इतनी व्यथित कभी नहीं हुई। धर्म के नाम पर शहीद हुए सभी लोगों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना। यह शर्मनाक है। शेयर की गई तस्वीर में दीप्ति नवल कश्मीर की खूबसूरत वादियों में बैठी नजर आईं। उनके पास कश्मीर के एक स्थानीय नागरिक भी बैठे नजर आए।

दीप्ति की पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स भी कमेंट करते नजर आए। एक यूजर ने लिखा, इस घिनौने और निंदनीय कृत्य से हम भी सदमे में हैं। दूसरे यूजर ने लिखा कि आपके जमाने में कश्मीर जन्नत था दीप्ति, मगर अब लोगों ने क्या ही बना दिया है। एक अन्य ने लिखा कि यह दिल तोड़ने वाला है। दर्द के साए में ऐसी खूबसूरती को देखना दिल दहला देने वाला है। इस याद को साझा करने के लिए धन्यवाद - घाटी और उसके लोगों में शांति लौट आए। इस बार अपराधियों को जीवन भर का सबक सिखाया जाएगा। एक यूजर ने लिखा कि वह गोल्डन टाइम था और मौत का डर नहीं होता था। इस भय से मुक्त होकर प्रकृति का आनंद लेते थे। बता दें, अभिनेत्री का कश्मीर से गहरा रिश्ता है। नवल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि जब वह 13 साल की थीं, तब अपने जन्म स्थान अमृतसर से भागकर कश्मीर चली गई थीं।

# इस पोकेमॉन गो कम्यूनिटी डे पर वनीलफ़् को पकड़ें

नई दिल्ली। हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पोकेमॉन गो अप्रैल 2025 कम्युनिटी डे, रविवार, 27 अप्रैल, 2025 को आयोजित किया जाएगा। इस कम्युनिटी डे के दौरान, अपने आस-पास के ट्रेनर के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, जिसमें वनीलफ़्, फ़्रेश स्नो पोकेमॉन, को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा। यह एक दिवसीय सामुदायिक दिवस मीटअप दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक 31 शहरों में आयोजित किया




जाएगा, जिनमें शामिल हैं नई दिल्ली के टैगोर गार्डन में पैसिफिक मॉल, लोधी गार्डन, गाजियाबाद के इंदिरापुरम में स्वर्ण जयंती पार्क, गुरुग्राम का लेजर वैली पार्क, मुंबई का काला घोड़ा किला में हॉर्निमन सर्कल, वीर सावरकर उद्यान और जॉगर्स पार्क, (बांद्रा), नवी मुंबई के वाशी में इनऑर्बिट मॉल और ऐरोली में राजीव गांधी गार्डन, पुणे के सारसबाग और विमान नगर में फीनिक्स मार्केटसिटी मॉल, सारासबाग, फरीदाबाद के सेक्टर-12 में टाउन पार्क, देहरादून का गांधी पार्क, गुवाहाटी का लतासिल खेल का मैदान, जयपुर का वर्ल्ड ट्रेड पार्क मॉल, भुवनेश्वर का खारवेला पार्क, पटना का विज्ञान केंद्र, बेंगलुरु का जॉगर्स पार्क, कब्बन पार्क, हनुमान पार्क, पूर्वा फाउंटेन स्क्वायर, श्रीमती लक्ष्मी देवी उद्यानवन और केम्प फोर्ट मॉल, कानपुर का कारगिल पार्क, अगरतला का चिल्ड्रन पार्क, बर्दवान का मालिर मठ, वडोदरा का कामती बाग, इंदौर का लाल बाग गार्डन, कोलकाता का लायलका मठ, लायंस सफारी पार्क, रवींद्र सरोवर झील, वाराणसी का शहीद उद्यान पार्क, चेन्नई का अन्ना नगर स्थित टावर पार्क, वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एसआरएम टेक पार्क और क्लॉक कोर्ट, कोयंबटूर का वीओसी पार्क, मैसूर का संजीवनी पार्क, मंगलुरु का कादरी पार्क, हैदराबाद का टीएनआर नॉर्थ सिटी मॉल, इंदिरापार्क और शिल्परामम आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज, माधापुर, शांतिपुर का शांतिपुर पब्लिक लाइब्रेरी खेल का मैदान, अहमदाबाद का नेक्सस अहमदाबाद वन, रांची का मेकॉन ग्राउंड, वडोदरा का कामती बाग पार्क, वाराणसी का शहीद उद्यान पार्क, लखनऊ का लोहिया पार्क, गोमती नगर और लुधियाना का नेहरू रोज गार्डन।

# धूप से बचने के लिए मॉइश्चराइजर फायदेमंद



■ चेहरे पर आएगा निखार

■ त्वचा को ठंडक पहुंचाने के लिए करें गुलाब जल का प्रयोग

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। गर्मी का आगाज होते ही स्वास्थ्य से जुड़ी कई चुनौतियाँ भी सामने आने लगती हैं। ऐसे में हर कोई गर्मी के इस सीजन में खुद को चुस्त-दुरुस्त रखना चाहता है, क्योंकि गर्मी का मौसम त्वचा के लिए चुनौतीपूर्ण तो होता ही है। इसके साथ ही, तेज धूप, पसीना और उमस चेहरे की चमक को फीका करने का भी काम करते हैं। हालांकि, इन सब से बचने के लिए सुबह के समय कुछ खास चीज़ों का इस्तेमाल करके आप अपनी त्वचा को तरोताजा और निखरा हुआ बनाए रख सकते हैं। गर्मी के दौरान लोग घर से बाहर निकलने के लिए काफी बचते हैं। उन्हें डर रहता है कि कहीं गर्मी की मार का असर उनके चेहरे पर न पड़ जाए। हालांकि, वर्किंग लोगों के लिए धूप में निकलना मजबूरी होता है और वे घर से बाहर निकलते समय जरूरी बातों की अनदेखी कर देते हैं, जिस वजह से उनके चेहरे का रंग भी फीका पड़ जाता है। नई दिल्ली स्थित एम्स की डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. अदिति झा (एमडी) ने इंस्टाग्राम पोस्ट में चेहरे को कड़क धूप से बचाने का उपाय सुझाया है। इसमें नंबर एक पर मॉइश्चराइजर है। अगर आप भीषण गर्मी के बीच भी घर से बाहर निकलते हैं तो धूप से बचने के लिए मॉइश्चराइजर एक अच्छा ऑप्शन माना जा सकता है। कहते हैं कि गर्मियों के दौरान सुबह के समय घर से बाहर निकलते समय भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है, जो त्वचा को नमी प्रदान करता है। साथ ही, इसे चेहरे पर लगाने से चेहरे पर निखार भी आता है। हालांकि, गर्मी के दौरान उन्हीं मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए, जो केमिकल से लैस न हों।

डॉ. झा की लिस्ट में दूसरे नंबर पर सनस्क्रीन आता है। गर्मियों के दौरान चेहरे पर सनस्क्रीन जरूर अप्लाई करना चाहिए, क्योंकि इसे लगाने से चेहरे को सूरज की हानिकारक किरणों से लड़ने में ताकत मिलती है, बल्कि ये टैनिंग और सनबर्न जैसी समस्याओं से भी बचाने का काम करती है। एक्सपर्ट्स की सलाह है कि सनस्क्रीन की पीएच वैल्यू को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

सबसे अंत में एम्स की ये एक्सपर्ट आहार में एंटीऑक्सीडेंट्स बढ़ाने की सलाह देती हैं। उनके मुताबिक ये भीतर और बाहर दोनों से हमारे शरीर को निखारने-संवारने में मदद करता है। फ्री रेडिकल्स से लड़ने और त्वचा की मरम्मत में मदद करने के लिए फलों, सब्जियों और ग्रीन टी के सेवन की सलाह देती है। ये तो हुई एक्सपर्ट की सलाह लेकिन दशकों से हमारे घर में कुछ ऐसे बेसिक प्रोडक्ट्स हैं जो बड़े बुजुर्गों ने बड़े प्यार से सुझाए हैं। एक है गुलाब जल और दूसरा है कच्चा दूध। गुलाब जल को भी चेहरे का निखार बरकरार रखने के लिए अच्छा माना जाता है। त्वचा को ठंडक पहुंचाने के लिए गुलाब जल किसी रामबाण से कम नहीं है। इसे लगाने से त्वचा पर जलन नहीं होती है और पसीने के कारण होने वाली खुजली से भी निजात मिलती है। वहीं, गर्मी में सुबह के समय कच्चा दूध चेहरे पर लगाने से निखार आता है, जो एक क्लींजर का काम करता है। इससे चेहरा और भी अधिक ग्लो करने लगता है।

# महिला के पेट से निकला आधा मीटर कपड़ा



**नोएडा,** (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र स्थित निजी हॉस्पिटल में डॉक्टर की लापरवाही का एक गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां डिलीवरी के लिए भर्ती कराई गई एक महिला के ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही से आधा मीटर लंबा कपड़ा उसके पेट में ही छूट गया। हैरानी की बात यह है कि यह लापरवाही डेढ़ साल तक पकड़ में नहीं आई, और इस दौरान महिला लगातार पेट दर्द से जूझती रही। जानकारी के मुताबिक, यह मामला 14 नवम्बर 2023 का है, जब पीड़ित महिला को डिलीवरी के लिए ग्रेटर नोएडा के बेकसन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने बताया कि शुरुआत में नॉर्मल डिलीवरी की बात कही गई। लेकिन बाद में डॉक्टरों ने ऑपरेशन करने का फैसला लिया। ऑपरेशन के बाद महिला को स्वस्थ बताकर नवजात बच्चे के साथ डिस्चार्ज कर दिया गया।

**डिस्चार्ज के बाद पेट में दर्द की शिकायत**

डिस्चार्ज के कुछ दिनों बाद से ही महिला को पेट में लगातार तेज दर्द की शिकायत होने लगी। परिजनों के अनुसार, उन्होंने कई बार बेकसन हॉस्पिटल जाकर डॉक्टरों से शिकायत की, लेकिन हर बार दर्द को मामूली बताकर टाल दिया गया। दर्द बढ़ता गया, लेकिन किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

**दूसरे अस्पताल में सर्जरी**

लगातार बिगड़ती तबीयत को देखकर महिला के परिजन उसे ग्रेटर नोएडा के एक अन्य प्राइवेट अस्पताल ले गए। वहां विस्तृत जांच के बाद डॉक्टरों ने महिला के पेट में सर्जरी कराने की सलाह दी। ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने जब महिला के पेट से आधा मीटर लंबा कपड़ा निकाला, तो हर कोई हैरान रह गया। डॉक्टरों का कहना है कि यह कपड़ा ऑपरेशन के दौरान शरीर में ही छूट गया था और अगर समय रहते यह सर्जरी नहीं होती, तो महिला की जान भी जा सकती थी।

# द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास का पुनर्लेखन-एक खतरनाक मंशा



■ विजय की 80वीं वर्षगांठ के निकट, यूरोप और रूस को तथ्यों पर आधारित संवाद की आवश्यकता

■ बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच, उस नाजुक शांति की याद दिलाती है वार्ता

**मास्को,** (एजेंसियां)। लंदन में यूक्रेन, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका और अन्य देशों के राजनयिकों ने यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने और शांति बहाली के उपायों पर चर्चा की। यह वार्ता, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच, उस नाजुक शांति की याद दिलाती है जो आज से 80 वर्ष पहले तब स्थापित हुई थी जब सोवियत संघ और उसके सहयोगियों ने नाजी जर्मनी को निर्णायक रूप से पराजित किया था। मॉस्को के लिए, विजय दिवस से पहले महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध की स्मृति - जिसने 2.7 करोड़ सोवियत नागरिकों की जान ली - अब राजनीतिक संघर्ष का केंद्र बन गई है। वहीं यूरोप में सोवियत संघ की भूमिका को कमतर आंका जा रहा है, जबकि रूस इसे आंतरिक लामबंदी के लिए उपयोग कर रहा है। ऐसे विरोधाभासों के बीच, 1945 की सच्चाई खो जाने का खतरा है।

नाजीवाद की हार में सोवियत संघ की भूमिका निर्विवाद है। पूर्वी मोर्चा, जहां रेड आर्मी ने वेहरमाख़्ट की 80 प्रतिशत ताकत से मुकाबला किया, युद्ध का निर्णायक क्षेत्र बन गया। स्टालिनग्राद (1942-1943) और कुर्स्क (1943) की लड़ाइयों में मिली जीत ने 1944 में नॉर्मंडी में द्वितीय मोर्चा खुलने से पहले ही जर्मनी की सैन्य शक्ति को गहरे रूप से कमजोर कर दिया था। एंटी-हिटलर गठबंधन के नेता, जैसे कि विंस्टन चर्चिल, सोवियत संघ की निर्णायक भूमिका को स्वीकार करते थे - चर्चिल के शब्दों में, 'रेड आर्मी ने नाजी युद्ध मशीन की अंतड़ियां निकाल दी थीं।' युद्ध के बाद सोवियत संघ ने उदारता दिखाई- फिनलैंड, रोमानिया और बुल्गारिया के प्रति कठोर रुख नहीं अपनाया और फ्रांस को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विजेता राष्ट्र के रूप में शामिल करने का समर्थन किया। हालांकि, इतिहास की परछाइयां आज भी कायम हैं मोलोटोव-रिबेंट्रॉप संधि और पूर्वी यूरोप में सोवियत कार्रवाइयां आज भी तीखी बहसों का विषय बनी हुई हैं। इन तथ्यों की आवश्यकता है निष्पक्ष और ईमानदार चर्चा की - न कि राजनीतिक सुविधानुसार चयनित विश्लेषण की। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद पश्चिम में युद्ध के इतिहास की पुनर्व्याख्या की लहर उठी। हालांकि, साम्यवाद और नाजीवाद को समान 'सत्तावादी' विचारधाराओं के रूप में प्रस्तुत करने के प्रयास कोई नई बात नहीं है। यह प्रयास द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद ही शुरू हो गए थे, जब अमेरिकी और ब्रिटिश प्रचार मशीनों ने आम जनता को यह विश्वास दिलाना शुरू किया कि जो कल तक मित्र थे, अब दुश्मन बन चुके हैं। इसी मुहिम में सोवियत संघ को नाजी जर्मनी के साथ मिलकर युद्ध शुरू करने का दोषी ठहराना एक राजनीतिक हथियार बन गया, जो ऐतिहासिक सच्चाइयों की अनदेखी करता है - जैसे कि फासीवाद का उदय, लंदन और पेरिस का एंटी-हिटलर गठबंधन से इनकार, और म्यूनिख में चेकोस्लोवाकिया के साथ हुआ विश्वासघात। मॉस्को ने जर्मनी से संधि तब की, जब पश्चिम के साथ कूटनीति असफल हो चुकी थी। पश्चिम नाजियों का खुला पुनर्वास नहीं कर सकता था - विशेषकर होलोकॉस्ट की भयावहता और मानवाधिकारों की नई आशाओं के चलते। फिर भी, आज लातविया और रिगा में वाफेन एसएस के पूर्व सैनिक मार्च करते देखे जाते हैं। 2019 में यूरोपीय संसद ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें साम्यवाद और नाजीवाद को बराबर ठहराया गया - यह न केवल ऐतिहासिक विकृति थी, बल्कि ऑशविट्ज़ और अन्य मृत्यु शिविरों को मुक्त कराने वाले सैनिकों, लाखों सोवियत नागरिकों, फ्रांस, इटली, ग्रीस और नॉर्मंडी द्वीपों के साम्यवादी विद्रोहियों का भी अपमान था। 2014 से, और विशेष रूप से 2022 के बाद, पश्चिमी देशों ने ऐतिहासिक पुनर्लेखन की प्रक्रिया को तेज़ कर दिया है। पूर्वी मोर्चे की भूमिका को हाशिए पर डाला जा रहा है, जबकि नॉर्मंडी की लैंडिंग को युद्ध का निर्णायक क्षण बताया जा रहा है। पोलैंड और बाल्टिक देशों में सोवियत सैनिकों की प्रतिमाएं तोड़ी जा रही हैं, जबकि कुछ स्थानीय सहयोगियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' के रूप में महिमामंडित किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, 2023 में लिथुआनिया में जोनास नोरेइका की प्रतिमा स्थापित की गई, बावजूद इसके कि उन्होंने नाजियों के साथ सहयोग किया था। यह एक खतरनाक झूठ है। ऐसा इतिहास केवल अतीत को तोड़ता-मरोड़ता नहीं है, बल्कि वर्तमान राजनीतिक विमर्शों को भी बल देता है - चाहे वह यूक्रेन को 'दुष्ट साम्राज्य' का शिकार दिखाना हो या रूस में युद्ध की स्मृति को वर्तमान नीतियों का औचित्य साबित करने के लिए इस्तेमाल करना हो। हालांकि, पूरा पश्चिम इस प्रवृत्ति में शामिल नहीं है।

रिचर्ड ओवेरी जैसे सम्मानित इतिहासकार अब भी पूर्वी मोर्चे की निर्णायक भूमिका पर बल देते हैं। अकादमिक ईमानदारी आज भी मौजूद है - भले ही सीमित दायरे में। द्वितीय विश्व युद्ध का इतिहास कोई हथियार नहीं होना चाहिए। नाजीवाद की पराजय में सोवियत संघ की भूमिका निर्विवाद है, ठीक वैसे ही जैसे उसकी गलतियां भी मौजूद थीं। सोवियत योगदान को स्वीकार करना मोलोटोव-रिबेंट्रॉप संधि को भुलाना नहीं है - लेकिन इस संधि को नाजी आक्रामकता के बराबर ठहराना ऐतिहासिक रूप से बेमानी है। विजय की 80वीं वर्षगांठ के निकट, यूरोप और रूस को तथ्यों पर आधारित संवाद की आवश्यकता है। ऐसा संवाद ही 1945 के सबकों को संरक्षित रख सकता है - विभाजन के लिए नहीं, बल्कि एकजुट करने वाली स्मृति के लिए।

cmyk

# सुनील भाई, जिन्होंने गांधी को जिया

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

सुनील भाई का जब स्मरण करता हूं तो बहुत सी छवियां मेरे मानस पटल पर उभरती हैं। कभी यात्राओं में साथ, कभी सभाओं में, कभी बैठकों में कार्यकर्ताओं में जनसाधारण की बातें ध्यान से सुनना और भी बहुत कुछ। आज मैं इस कॉलम में मध्यप्रदेश के होशंगाबाद (अब नर्मदापुरम) जिले के आदर्शवादी समाजवादी कार्यकर्ता सुनील भाई की कहानी बताना चाहूंगा, जिन्होंने करीब तीन दशक गांव में रहकर उनके हक, अधिकार और बराबरी के लिए न केवल लगातार संघर्ष किया, बल्कि रचनात्मक कामों की मिसाल पेश की।

अब जब मैं सुनील भाई पर लिखने बैठा हूं, सोच रहा हूं- क्यों जरूरी है उन पर लिखना। थोड़ी झिझक भी है। यह इसलिए नहीं कि लिखना मुश्किल है। यह तो मेरा काम है। लिखने-पढ़ने का अभ्यास है और इसमें मेरी दिलचस्पी है। झिझक इसलिए है कि उनके बारे में क्या ऊपरी ही बातें दोहराऊं, जो पहले कही जा चुकी हैं।

मसलन, वे एक मध्यवर्गीय परिवार से थे। बहुत मेधावी थे। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र रह चुके थे। पिछले 30 सालों से होशंगाबाद जिले के आदिवासी गांव में रहते थे। किसान आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ते थे। इसके लिए उन्होंने कई बार पुलिस के डंडे भी खाए और जेल भी गए। आदिवासियों की मछुआ सहकारिता का सफल प्रयोग किया। समाजवादी जन परिषद के राष्ट्रीय नेता थे।

> समाज में जीवन मूल्य इतने गिर गए हों, कोई बिना लोभ-लालच के काम न करता हो, तब सुनील भाई के जीवन को देखकर प्रेरणा ली जा सकती है। उनके जीवन को देखकर किसी भी देशप्रेमी का दिल उछल सकता है। अल्बर्ट आइंस्टीन ने गांधी के लिए कहा था कि आनेवाली पीढ़ियां शायद मुश्किल से ही यह विश्वास करेंगी कि गांधी जैसा हाड़-मांस का पुतला कभी इस धरती पर हुआ होगा। सुनील भाई के लिए भी यह वाक्य सटीक बैठता है।

उनकी सरल सी दिखने वाली जीवनशैली कितनी कठिन थी, यह भी बताऊं। सुबह बहुत जल्दी जागना। पानी भरने से लेकर कपड़े धोने, रोटियां बनाने से लेकर बर्तन साफ करने, झाड़ू लगाने से लेकर सामान को सुघड़ता से रखने और पालथी मारकर सुंदर लिपि में लिखने से लेकर लिफाफे में गोंद लगाना और फिर पोस्ट करना। पहले वे जहां भी फुरसत मिले पोस्टकार्ड और चिट्ठियां भी खूब लिखते थे।

इटारसी के पास केसला से पहले जंगल में बांसलाखेड़ा में जब रहते थे तो नदी पार कर जाना पड़ता था। बारिश में खासी दिक्कत होती थी। वहां से केसला तक पैदल या कभी साइकिल से आना और राशन व सब्जियों का वजन भी साथ होता था। छोटी-मोटी जरूरतों के लिए केसला आना पड़ता था। बारिश में नदी में बाढ़ होती थी, तब बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। वह बहुत रमणीक स्थान था, जंगल और नदी से घिरा हुआ।

वर्ष 1985 में ही आदिवासियों, ग्रामीणों व किसानों के साथ मिलकर किसान आदिवासी संगठन का गठन किया गया था। आगे बढ़ने से पहले इस इलाके के बारे में बताना उचित होगा। होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले का यह इलाका आदिवासी बहुल है। गोंड और कोरकू आदिवासी यहां के बाशिन्दे हैं। इस इलाके में पानी की समस्या तो थी ही, विस्थापितों की आजीविका की समस्या भी थी। यहां कई परियोजनाओं से लोगों का विस्थापन हुआ है। सुनील भाई, के आने से पूर्व ही इटारसी का समाजवादी युवक राजनारायण केसला में रह रहा था, और संगठन के माध्यम से आदिवासियों की लड़ाई लड़ रहा था। बाद में सड़क हादसे में राजनारायण का 26 अप्रैल 1990 को निधन हो गया।

बाद में राजनारायण की स्मृति में केसला में किसान आदिवासी संगठन का कार्यालय बना। केसला, सुखतवा के साप्ताहिक बाजारों में सुनील भाई और उनके साथियों को पर्चे बांटते देखा जा सकता था। सुनील भाई इन बाजारों में आदिवासियों की समस्याएं सुनते थे और संगठन के माध्यम से उनका क्या हल हो सकता है, सुझाते थे। यह सिलसिला लगातार चलता रहा।

वर्ष 1996 में तवा नदी में मछली का अधिकार मिला और यहां सरकारीकरण और निजीकरण से अलहदा सहकारीकरण का अच्छा, सफल और अनूठा प्रयोग हुआ। लेकिन जब यह मछली का अधिकार ले लिया गया तब इस इलाके के आदिवासियों व ग्रामीणों ने सद्बुद्धि सत्याग्रह चलाया था, जिसकी व्यापक चर्चा हुई थी। तो सुनील भाई ने एक तरफ अन्याय के खिलाफ सत्याग्रह को लड़ने का हथियार बनाया, वहीं दूसरी तरफ उनका जीवन सादगीपूर्ण, सरल और श्रम आधारित था। उनका रास्ता गांधी का था। उन्होंने लोहिया के सूत्र वोट, जेल और फावड़ा के साथ संगठन व विचार निर्माण पर जोर दिया था।

लेकिन यहां मैं उनके रचनात्मक व उत्पादक कामों की चर्चा करना चाहूंगा। उन्होंने एक आदिवासी गांव में बहुत ही साधारण जीवनशैली में जीवन व्यतीत किया। एक साधारण ग्रामीण की तरह जीवन जिया। सुबह-शाम उनके घर पर गांव के कई साथी जुटते थे। बाद में फागराम जुड़े और कई बार जनपद, जिला व विधानसभा चुनाव भी लड़ा, हालांकि इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली। जनपद और जिला पंचायत में निर्वाचित भी हुए। अब वे ही संगठन की अग्रणी पंक्ति में हैं।

कई बार मैंने सुनील भाई को गांव के लोगों के साथ मिलकर खाना खाते देखा था। जब लम्बे आंदोलन चलते थे तो गांव के लोग घर से मक्के की रोटी, महुआ का भुरका, भुना चून (आटा), मिर्ची की चटनी और कांदा (प्याज) लाते थे। सुनील भाई गांव वालों के साथ ही खाना खाते थे, चाहे वह दो-दिन का बासा भी हो। उन्होंने एक सादगी व आदर्शपूर्ण जीवन जिया। सुनील भाई के ठोस विचार केसला की ठोस जमीन, गहरी खोज और अनुभव से निकले थे। वे लगातार इस नजरिये से लिखते रहे हैं। विचार शून्य में नहीं बनते जीवन की स्थितियों का इसमें योगदान होता है।

जब वर्ष 2012 के आसपास सामयिक वार्ता पत्रिका दिल्ली से इटारसी आई तब हमारा मिलना-जुलना नियमित हो गया। मैं वार्ता के संपादन में उनका सहयोगी था। सामयिक घटनाओं पर लगातार बातचीत होती रही। उनके विचार और स्पष्टता से जानने को मिले। कुछ लोग पूछते हैं कि सुनील भाई होते तो आज की घटनाओं पर क्या कहते, क्या लिखते। देश-दुनिया में हो रहे बदलाव पर वे क्या कहते। कैसे विश्लेषण करते। सवाल कठिन है, और इसका जवाब देना मेरे लिए मुश्किल है।

लेकिन उनके साथ काम करने के दौरान मैंने यह जाना कि सुनील भाई के सोचने का एक ढंग था, घटनाओं को उनका अपना देखने का नजरिया था। वार्ता में वे नए लेखकों से संवाद बनाना पसंद करते थे, उन्हें लिखने के लिए प्रेरित करते थे। अगर अंग्रेजी का कोई लेख आता तो स्वयं उसका अनुवाद करते। कई बार अगर कोई लेख थोड़ा जटिल होता तो वे उसको रीराइट करते। हम लोग हर अंक के लिए योजना बनाते। किस मुद्दे पर अंक केंद्रित करना है, इस पर सोचते। अंक निकलने के बाद सुनील भाई उस पर जगह-जगह गोष्ठियां करते। नए-नए सदस्यों को वार्ता से जोड़ते। इस तरह यह सिलसिला चलता रहता।

सुनील भाई, समाजवादी विचारों से ओत-प्रोत थे। वे द्रष्टा थे, एक नेता थे। लेकिन अपने विचारों पर दृढ़ होते हुए भी दूसरों की राय को तरजीह देते थे। संवाद, चर्चा और विचार-विमर्श को बहुत महत्वपूर्ण मानते थे। समस्याओं का हल सामूहिक निर्णय प्रक्रिया के द्वारा निकालने पर बल देते थे। संगठन के कामों के लिए हमेशा चंदा एकत्र करने पर जोर देते थे और कार्यक्रम होने के तत्काल बाद उसका सार्वजनिक रूप से हिसाब पेश कर देते थे। यानी साध्य और साधन की शुचिता पर जोर देते थे।

किसान आदिवासी संगठन से शुरू होकर यह जिले के पिपरिया-बनखेड़ी क्षेत्र में किसान मजदूर संगठन के माध्यम से आगे बढ़ा। बैतूल, हरदा, खंडवा में श्रमिक आदिवासी संगठन के रूप में फैला। पिपरिया में समाजवादी विचार से प्रेरित युवाओं का समूह काफी सक्रिय हुआ करता था, जिनके अनूठे रचनात्मक कामों को लोग अब भी याद करते हैं। जन सहयोग से समता अध्ययन केन्द्र चलाना भी उनमें से एक है। ये संगठनों की अपनी स्वतंत्र पहचान है, पर आपस में भाईचारा है। समाजवादी जनपरिषद से इनका जुड़ाव है। समाजवादी चिंतक किशन पटनायक व समाजवादी विचार प्रेरणास्रोत रहे हैं।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि सुनील भाई साधारण जीवन जीते हुए भी असाधारण थे। एक बात और उनसे सीखी जा सकती है कि कभी भी अकेले पड़ने से डरना नहीं चाहिए, चाहे जैसी भी कठिन परिस्थितियां आएं। उनके भविष्य के आर-पार देखने की दृष्टि थी, जिससे वे सदैव ही नई परिस्थितियों में नई राह पकड़ते थे। वह पूरी तरह जनता के थे, उनके बीच रहते थे, उनके लिए लड़ते थे।

जब समाज में जीवन मूल्य इतने गिर गए हों, कोई बिना लोभ-लालच के काम न करता हो, तब सुनील भाई के जीवन को देखकर प्रेरणा ली जा सकती है। उनके जीवन को देखकर किसी भी देशप्रेमी का दिल उछल सकता है। अल्बर्ट आइंस्टीन ने गांधी के लिए कहा था कि आनेवाली पीढ़ियां शायद मुश्किल से ही यह विश्वास करेंगी कि गांधी जैसा हाड़-मांस का पुतला कभी इस धरती पर हुआ होगा। सुनील भाई के लिए भी यह वाक्य सटीक बैठता है। अब सुनील भाई नहीं हैं, उनका निधन 21 अप्रैल,2014 को हो गया, पर उनके विचार सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

**19 अप्रैल**

- गीता और नाट्यशास्त्र यूनेस्कों 'मेमोरी ऑफ वर्ना' में शामिल किया गया।
- रूस ने अफगानिस्तान तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटा दिया।
- यमन के ईंधन बंदरगाह पर अमेरिकी हमले में 38 लोगों की मौत हो गई।
- जाम्बिया में एमपॉक्स से दूसरी मौत की पुष्टि हुई, अब मामले बढ़कर 49 हुए।

**20 अप्रैल**

- दिल्ली में 4 मंजिला इमारत गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई।
- छग हाईकोर्ट ने एक तलाक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि पत्नी की दूसरी शादी होने तक देना होगा गुजारा भत्ता।
- नवीन कुमार पटनायक 9वीं बार बीजेडी के अध्यक्ष चुने गए।

**21 अप्रैल**

- जम्मू कश्मीर में बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई
- वरिष्ठ भाकपा नेता और भाकपा ओडीशा के पूर्व सचिव दिवाकर नायक का निधन हो गया।
- कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि देश की अदालतों में करीब 7 लाख मामलों में केन्द्र पक्षकार है। इसलिए केन्द्र से जुड़े मुकदमें का कम करने दिए निर्देश।
- मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के नौ सदस्य गिरफ्तार किए गए।

**22 अप्रैल**

- ईसाई धर्मगुरू पोप फ्रांसिस का निधन हो गया।
- अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ भारत पहुंचे।
- इसरो ने अंतरिक्ष में स्पैडेक्स मिशन के तहत उपग्रहों की दूसरी डाकिंग पर कामयाबी प्राप्त की।
- रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज एमएस-26 चालक दल के साथ पृथ्वी पर लोटा।

**23 अप्रैल**

- जम्मू कश्मीर में पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकियों ने गोली बरसाकर 28 लोगों को मौत के घाट उतारा।
- दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री अतिथि की सुरक्षा घटाई गई। जेड श्रेणी सुरक्षा हटाकर वाय श्रेणी की सुरक्षा दी गई।
- विज्डन क्रिकेटर्स अतयनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना।
- दक्षिण कोरिया ने फ्लोरिड अमेरिकी अंतरिक्ष अड्डे से पांच सैन्य रोही उपग्रहों में से चौथे को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।

**24 अप्रैल**

- पहलगाम आतंकी घटना के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान के कड़ा संदेश देते हुए सिंधु जल संधि और वीजा रद्द करने का आदेश दिया।
- अमेरिकी ने पहली बार दक्षिण कोरिया में परमाणु हथियार प्रभाव प्रशिक्षण किया आयोजित।
- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की।
- इसरो के स्पैडेक्स मिशन ने सैटेलाइट की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्व पूरी की।

**25 अप्रैल**

- केन्द्र सरकार ने पहलगाम हमले पर सर्वदलीय बैठक आहूत की।
- छग बस्तर में बीजापुर और तेलंगाना बार्डर पर सुरक्षा बलों और नक्सलियों की बीच हुए मुठभेड़ में 5 नक्सली मारे गए।
- मध्यम दूरी से हवा में पार करने वाली मिसाइल नौसेना ने मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण किया।
- चीन में खनचो-20 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण पूर्णत: सफल रहा।

# टैरिफ युद्ध के बीच वियतनाम ने दिखाया व्यापार कूटनीति का रास्ता

■ सात्यकी चक्रवर्ती

वियतनाम ने दिखाया है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी आर्थिक और सैन्य शक्तियों अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध के बीच वर्ष 2025 में एक अच्छी तरह से संतुलित व्यापार कूटनीति कैसे संचालित की जा सकती है। दोनों देशों के इस दक्षिण पूर्व एशियाई देश के साथ सबसे अच्छे व्यापारिक संबंध हैं, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं में एक तरह से अग्रणी है।

वियतनाम के उद्योग और व्यापार मंत्री गुएनहोंगडिएन ने बुधवार रात अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमिसेनग्रीयर के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और दोनों पक्षों ने बातचीत के लिए सिद्धांतों और रोडमैप के मुद्दों पर चर्चा की। वियतनाम इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा घोषित 90 दिनों के विराम के भीतर अमेरिका के साथ अपने व्यापार सौदे को समाप्त करने का प्रयास कर रहा है। ट्रम्प की पारस्परिक टैरिफ दरों की घोषणा के तुरंत बाद मेक्सिको और ब्राजील ने अमेरिकी निर्णय के खिलाफ शिकायत की, जबकि वियतनाम ने इसे शांत रखा और आंतरिक रूप से सर्वोत्तम संभव विकल्प के बारे में मूल्यांकन किया।

> वियतनाम का अमेरिका के साथ चीन और मैक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष था। एशियाई राष्ट्र ने बार-बार अमेरिकी आयात पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश करते हुए तरलीकृत प्राकृतिक गैस और विमान जैसे अधिक अमेरिकी सामान खरीदने की कसम खाई है। वास्तव में वियतनाम ने मौजूदा टैरिफ युद्ध से पहले ही अमेरिकी आयात पर टैरिफ कम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस महीने वियतनाम पर 46 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाने की धमकी दी, वाशिंगटन ने वियतनाम पर संयुक्त राज्य अमेरिका को चीनी निर्यात की सुविधा देने और बीजिंग को टैरिफ से बचने की अनुमति देने का आरोप लगाया। यह वियतनाम के खिलाफ एक नाजुक आरोप था क्योंकि कम्युनिस्ट राष्ट्र जिसने लंबे समय तक अमेरिका के खिलाफ, और विडंबना यह है कि अपने बड़े भाई कम्युनिस्ट राष्ट्र चीन के खिलाफ भी, लड़ाई लड़ी, उसके लिए दोनों महाशक्तियों को खुश रखना एक चुनौती थी। वियतनाम अमेरिका के साथ वर्तमान वार्ता में उस चुनौतीपूर्ण कार्य को करने की कोशिश कर रहा है।

2025 के पहले तीन महीनों में संयुक्त राज्य अमेरिका वियतनाम का सबसे बड़ा निर्यात बाजार था। वास्तव में, अमेरिकी विदेशी कंपनियां तेजी से निवेश के लिए सबसे अच्छे गंतव्यों में से एक के रूप में वियतनाम को चुन रही हैं। चीन के साथ वर्तमान व्यापार युद्ध के संदर्भ में, चीन स्थित कुछ अमेरिकी कंपनियां वियतनाम में परिचालन स्थानांतरित कर रही हैं, जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर एक नयी नीति के साथ तैयार है। वियतनाम अमेरिका को नाराज़ नहीं करना चाहता, जो वियतनामी अर्थव्यवस्था के आगे विकास के लिए बड़ी संभावनाएं प्रदान करता है, लेकिन साथ ही, वियतनाम चीन के साथ भी मित्रवत संबंध रख रहा है।

वियतनाम के व्यापार मंत्रालय ने अपने अधिकारियों को अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने के लिए माल के उत्पादन पर नियंत्रण कड़ा करने का आदेश दिया है। पूर्ण प्रतिक्रिया अभी तय नहीं हुई है, लेकिन पिछले सप्ताह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई चर्चाओं के आलोक में ऐसा ही किया जायेगा, जिन्होंने एशिया के सभी व्यापारिक देशों से ट्रम्प द्वारा एकतरफा लगाये गये उच्च टैरिफ का विरोध करने का आह्वान किया था। शी जिनपिंग ने बीजिंग के खर्च पर अमेरिका के साथ व्यापार सौदे करने वाले अन्य देशों के प्रति अपने विरोध को भी जाहिर किया। यह वियतनाम के लिए भी था क्योंकि वियतनाम के निर्माता अमेरिकी बाजार में निर्यात किये जाने वाले उत्पादों में बड़े पैमाने पर चीनी उपकरणों का उपयोग करते हैं।

वियतनाम 2024 में चीनी वस्तुओं का दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे बड़ा खरीदार था, जिसका बिल 161.9 बिलियन डॉलर था। इसलिए यह मुद्दा वियतनाम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका को निर्यात किये जाने वाले निर्यात का एक बड़ा हिस्सा चीनी हिस्सा होता है, जिस पर ट्रम्प की वर्तमान स्थिति के अनुसार प्रतिबंध लगा दिया गया है।

पिछले साल वियतनाम का अमेरिका के साथ चीन और मैक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष था। एशियाई राष्ट्र ने बार-बार अमेरिकी आयात पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश करते हुए तरलीकृत प्राकृतिक गैस और विमान जैसे अधिक अमेरिकी सामान खरीदने की कसम खाई है। वास्तव में वियतनाम ने मौजूदा टैरिफ युद्ध से पहले ही अमेरिकी आयात पर टैरिफ कम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

वियतनाम एयरलाइंस और वियतकॉम बैंक ने गुरुवार को 50 विमानों की खरीद के वित्तपोषण के लिए एक अंतिम सौदे पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की, जो राष्ट्रीय वाहक के लिए 50 बोइंग 737 मैक्स विमान खरीदने की अपनी 2023 की प्रतिबद्धता को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। यह व्यापार अंतर को कम करने की अमेरिकी मांग को पूरा करने के वियतनाम के प्रयास का एक हिस्सा है। चल रही व्यापार वार्ता के एक हिस्से के रूप में लॉकहीडएफ-16 लड़ाकू विमानों को खरीदने का प्रस्ताव है।

वियतनाम वर्तमान टैरिफ युद्ध का लाभ उठाते हुए और प्रतिस्पर्धी महाशक्तियों अमेरिका और चीन दोनों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखते हुए दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे संपन्न अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहा है।

# पोप जिन्होंने अमेरिका को आईना दिखाया

रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस का 88 वर्ष की आयु में ईस्टर सोमवार को निधन हो गया। वे गरीबों के पोप थे जिन्होंने कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए आवाज़ उठाई, जिन्होंने शांति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में अंतर-विश्वास संवाद का समर्थन किया और होली सी के सिद्धांत को स्थायी रूप में उकेरा। पोप फ्रांसिस के समय में कई चीजें पहली बार हुई थीं जिनमें से तीखी और चुभने वाली आलोचना हो सकती है जो उन्होंने अमेरिकी प्रशासन के लिए छोड़ दी थी जिसका पूरा ध्यान अब वैश्विक संबंधों को उखाड़ फेंकने, अप्रवासियों को बदनाम करने और भागीदारों को धमकाने पर केंद्रित है।

पोप फ्रांसिस अपने शुरूआती दिनों में एक चौकीदार और नाइट क्लब बाउंसर के रूप में काम करते थे। वे पोप के माध्यम से प्रतिध्वनित हुए, विशेष रुप से अपने अंतिम दिनों में जब डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रपति बने और उनके प्रशासन ने अप्रवासियों को निशाना बनाया एवं इसे आव्रजन पुलिस को दी गई व्यापक शक्तियों के साथ शिकार करने और निर्वासित करने का एक मिशन बनाने के बाद उन्होंने स्वयं को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया। ईस्टर रविवार, 20 अप्रैल को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात के तुरंत बाद पोप का संदेश स्पष्ट था। सेंट बेसिलिका की बालकनी से पढ़े गए बयान में कहा गया कि 'कमजोर, हाशिए पर रहने वाले और अप्रवासियों की अवमानना कब तक की जाती रहेगी!' यह पोप का आखिरी सार्वजनिक 'दर्शन' था लेकिन यह संदेश अमेरिका को ताना मारता और उस पर दबाव डालता रहेगा।



जगदीश रत्तनानी

> 2015 में आए एन्सिक्लिकल में विविधता, समानता और समावेशन था जिसे वार्षिक रिपोर्ट में पेश किया और दिखाया गया लेकिन उसे वास्तव में उसकी सही भावना में कभी नहीं समझा या लागू नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप ठीक वही हुआ जिसकी एन्सिक्लिकल ने चेतावनी दी थी-' ... इसके बाद परस्पर विरोधी हितों, हिंसा और क्रूरता के नए रूपों व पर्यावरण की देखभाल की वास्तविक संस्कृति के विकास में बाधाओं पर संघर्ष होता है।

यह एक संदेश है कि वेंस को व्यक्तिगत रूप से एक कैथोलिक के रूप में (वेंस को छह साल पहले बपतिस्मा दिया गया था) और एक सार्वजनिक नेता के रूप में भी सामने आना होगा, खासकर जब उन्होंने एक जटिल तरीके से अप्रवासियों पर कार्रवाई को सही ठहराने के लिए धार्मिक विचारों और अभिव्यक्तियों को चुनने की कोशिश की है, जैसे आर्डर ऑफ लव (लेटिन शब्द 'ऑर्डो एमोरिस') यानी प्रेम का क्रम मतलब मनुष्य सबसे पहले ईश्वर,उसके बाद खुद से और उसके बाद अपने पड़ोसियों से प्रेम करे। 30 जनवरी को वेंस ने 'एक्स' पर कहा-'जस्ट गूगल 'ऑर्डो एमोरिस' (गूगल पर 'ऑर्डो एमोरिस' सर्च कीजिये)। वेंस इस विचार को समझते हैं कि दान के लिए एक आदेश है जो दूसरों से पहले परिवार और घर को लाता है। इसके आगे यह तर्क दिया जा रहा था कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अप्रवासियों को बाहर फेंक दिया जाना चाहिए।

पोप फ्रांसिस पर दायित्व था कि वे इस मामले में तुरंत एक स्पष्टीकरण भेजें। 10 दिन बाद सभी अमेरिकी धर्माध्यक्षों को एक पत्र में उन्होंने लिखा- 'ईसाई प्रेम हितों का एक केंद्रित विस्तार नहीं है जो अन्य व्यक्तियों और समूहों के लिए थोड़ा-थोड़ा करके विस्तारित होता है ... मानव, व्यक्ति गरिमा के साथ एक विषय है जो सभी के साथ विधायक संबंध के माध्यम से, विशेष रूप से सबसे गरीब के साथ, धीरे-धीरे अपनी पहचान और ईश्वरीय आह्वान में परिपक्व हो सकता है। सच्चा ऑर्डो एमोरिस वह है जिसे हम लगातार ध्यान करके खोजते हैं, जिसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए.., उस प्रेम पर जो बिना किसी अपवाद के सभी के लिए भाईचारे का निर्माण करता है।

अस्वस्थ और बीमारियों से जूझ रहे 266वें पोप का मजबूत रुख और स्पष्ट संदेश उनकी भावनाओं की गहराई और उस दर्द का संकेत देते हैं जो अमेरिका ने उन जैसे नेता को दिया जिसने गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों की सेवा करने को अपना मिशन बना लिया था। अमेरिकी धर्माध्यक्षों को लिखे 10 फरवरी के पत्र में कहा गया है: 'जिन्होंने अत्यधिक गरीबी, असुरक्षा, शोषण, उत्पीड़न या पर्यावरण की गंभीर गिरावट के कारण अपना देश छोड़ दिया, पुरुषों व महिलाओं और पूरे परिवारों की गरिमा को नुकसान पहुंचाता है व उन्हें विशेष भेद्यता और रक्षाहीनता की स्थिति में रखता है, अधिकांश मामलों में उन लोगों को निर्वासित करने का कार्य कोई मामूली मुद्दा नहीं है। कानून का एक प्रामाणिक शासन तभी सटीक रूप से सत्यापित होता है जब सभी लोग, विशेष रूप से सबसे गरीब और सबसे हाशिए पर रखे गए लोगों से गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए जिसके वे हकदार हैं'।

जब अमेरिका के लोगों सहित कई अन्य, विशेष रूप से व्यवसायों ने इस मामले में चुप्पी साध ली थी तो पोप एक आवाज के रूप में भी सामने आए। उनके शब्द अनुचित, अन्यायपूर्ण और 'ऑर्डो एमोरिस' की सच्ची भावना के खिलाफ उठाए गए असहमति के स्वरों को प्रोत्साहित करते हैं और उनके समर्थन में खड़े होते हैं।

आप्रवासियों के समर्थन में लड़ी गई तात्कालिक लड़ाइयों से परे पोप फ्रांसिस को विशेष रूप से उनके 184-पृष्ठ के एन्सिक्लिकल लौदातो सी (प्रेज बी टू यू) के लिए याद किया जाएगा, जो 'हम सबके घर की देखभाल' यानी पृथ्वी के लिए समर्पित है। यह संधारणीयता पर एक ग्रंथ है जो प्रेरणादायक, क्रांतिकारी, समग्र और सिस्टम सोच में आधारित है- देखभाल और प्रेम से भरा दृष्टिकोण बनाम जो व्यवसाय संचालन में निरंतरता का दावा करने के भौतिक मेट्रिक्स से परे है।

यह विजेता के रूप में सामाजिक न्याय, वैश्विक असंतुलन और मानव अहंकार के विचारों की चर्चा की सीमाओं का विस्तार करता है जो अंतत: धरती माता को नष्ट कर देता है। एन्सिक्लिकल जलवायु को एक जटिल प्रणाली कहता है जो सर्वसामान्य के लिए अच्छी है, 'जो बहुत मजबूत वैज्ञानिक सहमति को इंगित करता है कि हम वर्तमान में जलवायु प्रणाली के परेशान वार्मिंग को देख रहे हैं' और 'इसका मुकाबला करने के लिए जीवन शैली, उत्पादन और खपत में परिवर्तन के लिए' कहते हैं। यह बात अधिकांश पश्चिमी आवाजों से परे जा रही है। यह आगे सामाजिक बहिष्कार, असमान वितरण, सामाजिक आक्रामकता के नए रूपों और पहचान के नुकसान की बात करता है। यह तर्क देता है कि 'पिछली दो शताब्दियों के विकास के दौर में हमेशा अभिन्न विकास तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ है'।

2015 में आए एन्सिक्लिकल में विविधता, समानता और समावेशन था जिसे वार्षिक रिपोर्ट में पेश किया और दिखाया गया लेकिन उसे वास्तव में उसकी सही भावना में कभी नहीं समझा या लागू नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप ठीक वही हुआ जिसकी एन्सिक्लिकल ने चेतावनी दी थी-'... इसके बाद परस्पर विरोधी हितों, हिंसा और क्रूरता के नए रूपों व पर्यावरण की देखभाल की वास्तविक संस्कृति के विकास में बाधाओं पर संघर्ष होता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

# विकास परियोजनाओं को गति दें अधिकारी : रामरतन

## सदर विधायक/जनप्रतिनिधियों ने डीएम व कार्यदायी संस्थाओं के साथ की बैठक



ललितपुर। विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते सदर विधायक।

ललितपुर। जनपद की विकास की गति देने के लिए जिलाधिकारी श्रअक्षय त्रिपाठी ने जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यदायी विभागों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार परियोजनाओं की समीक्षा और उन्हें में बैठक कर तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, राज्यमंत्री प्रतिनिधि नरेश पंथ, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, एमएलसी प्रतिनिधि अतुल निरंजन द्वारा नए कार्यो हेतु सुझाव दिए गए, जिन्हें नई कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कार्यदाई संस्थाओं और वभागों को निर्देश दिये कि नए कार्यो को कार्ययोजना में शामिल करते हुए प्रस्ताव बनाकर शासन को भिजवाएं, ताकि जल्द से जल्द स्वीकृति मिल सके। बैठक में मुख्य रुप से वाईपास/रिंग रोड, धर्मार्थ कार्य, इंटरस्टेट चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्य, 2011 की जनगणना के आधार पर 150 से अधिक आबादी को जोड़ने के लिए नवनिर्माण कार्य, ब्लैक स्पॉट सुधार कार्य, लघु/दीर्घ सेतु, रेवले उपरिगामी सेतु, मार्गो की सामान्य मरम्मत आदि योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई और सुझाव मांगे गए। लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग व अन्य विभागों ने नई कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया। राज्यमार्गो के चौड़ीकरण के पूर्ण होने की जानकारी दी गयी। राजकीय मेडिकल कॉलेज से करगन दैलवारा तक एवं बिजरौठा मार्ग को प्रस्ताव में शामिल कर लिया गया है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि जमौरामाफी-तरगुंवा मार्ग कई वर्षो से नहीं बनाया गया है, उसे कार्ययोजना में शामिल करने का सुझाव दिया गया। साथ ही जरावली मार्ग पर गांव से 1 किमी कच्चे मार्ग को पक्का कराने हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था की समीक्षा में बताया गया कि शहर में स्थिति सामान्य है, अधिकाश दुर्घटनाएं तालबेहट क्षेत्र में हो रही हैं, जिन्हें कम करने का प्रयास किया जा रहा है। विगत माह दुर्घटनाओं में कमी रही। इस पर निर्देश दिए गए कि शहर में डायवर्सन का कठोरता से अनुपालन कराया जाए और बड़े वाहनों के निकलने का समय निर्धारित किया जाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण, पर्यटन, यातायात, सामाजिक वानिकी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# फसल अवशेष जलाना दण्डनीय अपराध घोषित

## एडीएम ने दी कार्यवाही की चेतावनी



ललितपुर। मौके पर अग्रिशन की कार्यवाही कराते अपर जिलाधिकारी।

ललितपुर। जनपद में महरौनी तहसील अन्तर्गत ग्राम सिलावन में फसल अवशेषों में आग लगने की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त अंकुर श्रीवास्तव ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और राहत कार्य प्रारंभ कराया। मौके पर अग्निशमन वाहनों द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की गयी। निकटवर्ती जनपदों से भी अग्निशमन वाहन मंगाये गये।

मौके पर निरीक्षण के दौरान फसल अवशेष जलाने के कारण आग के फैलने की जानकारी मिली। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि फसल अवशेष जलाना दण्डनीय अपराध है। इससे अप्रिय घटना के साथ प्रदूषण फैलता है। जिससे जलवायु खराब होती है। ऐसे में दोषी व्यक्ति पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, उप जिलाधिकारी महरौनी राजबहादुर, तहसीलदार महरौनी, क्षेत्राधिकारी महरौनी सहित अन्य अधिकारी भी पहुंचे। अपर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को ग्रीष्मकालीन अग्नि दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं उनसे निपटने सम्बंधी जानकारी दी, बताया कि फसलों के ऊपर से जाने वाले विजली के तारों के ढीले रहने पर तेज हवा के समय उनमें स्पार्किंग होती है, जिससे फसलों में आग लग सकती है।

### अग्नि दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा उनसे निपटने के उपाय

किसान खेत में ट्रान्सफार्मर के पास 10 गुणा 10 फीट तक फसल हटा दें। अग्रिदुर्घटना की स्थिति में तत्काल 112 डायल कर आग की सूचना दें। अपने पास उपलब्ध संसाधनों से आग को बुझाने का प्रयास करें। अग्रिशमन वाहन आने पर फायर ब्रिगेड कर्मचारियों की मदद करें व उनको सही सूचना दें। बिजली विभाग द्वारा बिजली के डीलें तारों को अतिशीघ्र दुरुस्त करायें। बिजली के खम्भों में लगे तारों के नीचे फसल समूह का ढेर न लगाएं। ट्रान्सफार्मर पर अधिक लोड न होने दें। फूस के मकानों में चूल्हे के ऊपर टीन शेड अथवा एजबेस्टस शीट लगायें। किसान फसल अवशेष कतई न जलायें। इसे हुयी दुर्घटना में कोई मुआवजा प्राप्त नहीं होगा, बल्कि कठोर कार्यवाही भी हो सकती है। खड़ी फसल में बीड़ी सिगरेट का उपयोग न करें। गांवों में हर घर जल योजना के अन्तर्गत बने पानी के टैंकों का निरीक्षण कराकर यह सुनिश्चित करायें ताकि जरूरत पड़ने पर इन टैंकों से अग्निशमन कार्य हेतु पानी प्राप्त किया जा सके। सभी वाटर हाईड्रेन्ट कार्यशील रखें।

## न्यूज ब्रीफ

### आज से आरंभ होगा आनंद अनुभूति शिविर



ललितपुर। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर।

ललितपुर। आर्ट ऑफ लिविंग के जनपद के प्रथम योग शिक्षक सुबोध शर्मा 'विश्वास' ने बताया कि गुरु का प्रवेश द्वार (आनंद अनुभूति शिविर) 27 अप्रैल से खुल रहा है। उन्होंने लोगों से एक बार इस अनूठे शिविर में प्रवेश लेकर अपने और अपनों के जीवन को बदलते हुए स्वयं अपनी खुली आंखों से देखने का आह्वान किया है। 27 से 30 अप्रैल तक आयोजित हैप्पीनेस कार्यक्रम में झाँसी से सीनियर योग शिक्षिका रुचि अरोरा के साथ दिव्य सुदर्शन क्रिया का अनुभव प्राप्त कर अपने जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन महसूस करेंगे। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्कार शिक्षक जगदीश द्विवेदी ने सभी से आनंद अनुभूति शिविर में अतिशीघ्र ही पंजीकरण कराने की अपील की है।

### ग्यारह उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

ललितपुर। अच्छी पुलिसिंग प्रदान करने पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने 11 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। उपनिरीक्षक मानवेन्द्र सिंह को थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी तेरई फाटक थाना तालबेहट, उपनिरीक्षक मनीष कुमार शुक्ला को चौकी प्रभारी तेरई फाटक थाना तालबेहट से थाना पाली, अनुज कुमार को थाना महरौनी से चौकी प्रभारी कुम्हेड़ी, सुशील कुमार त्रिपाठी को मण्डी चौकी प्रभारी थाना कोतवाली से प्रभारी चौकी सदर थाना कोतवाली, भूपेन्द्र कुमार को प्रभारी चौकी कुम्हैड़ी थाना महरौनी से थाना सौजना, अनिल कुमार को प्रभारी चौकी अमरपुर मण्डी थाना कोतवाली से थाना जखौरा, गौरव कुमार को थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी अमरपुर मण्डी थाना कोतवाली, सुरेन्द्र सिंह को चौकी प्रभारी जेल थाना कोतवाली से थाना बानपुर, प्रशान्त राणा को थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी जेल थाना कोतवाली, विनीत कुमार सिंह को थाना नाराहट से सोशल मीडिया सेल एवं उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार को थाना सौजना से मण्डी चौकी प्रभारी बनाया गया है।

### रोजगार मेला 29 को

ललितपुर। जिला रोजगार सहायता अधिकारी आकाँक्षा यादव ने बताया कि गोविन्दनगर स्थित कार्यालय में आगामी 29 अप्रैल को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शैक्षिक योग्यता आठ पास, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं परास्नातक, आई.टी.आई. में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। पंजीयन के उपरान्त रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु इच्छित कम्पनी में अपना आवेदन भी करना होगा। साथ ही कार्यालय में एक दिवसीय कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियॉ रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं।

### विशेष लोक अदालत में सुलझे 73 विद्युत सम्बन्धी मुकदमे

ललितपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए लखनऊ के आह्वान पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार झा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर के तत्वाधान में यादवेन्द्र सिंह अपर जिला जज प्रथम/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता में विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत विशेष लोक अदालत का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें विद्युत अधिनियमए 2003 के अन्तर्गत 73 लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों एवं आपराधिक वादों का निस्तारण किया गया।

### आतंकी हमले पर जताया गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने आक्रोश

ललितपुर। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीगुरुसिंह सभा के तत्वाधान में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा के मुख्य ग्रंथि ज्ञानी जसवीर सिंह ने पहलगाम कश्मीर में मारे गए निर्दोष 28 नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर उनको अपने चरणों में निवास बखशिश करे एवं देश में एकता अखंडता व सुख शांति की अरदास की गई। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, संरक्षक जितेंद्र सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, मंत्री मनजीत सिंह पत्रकार, चरणजीत सिंह, राजू अमृतसरिया, जगजीत सिंह बॉबी, दलजीत सिंह, राजू सिंधी, गोपी डोडवानी, कन्हैयालाल सिंधी, हरीश कपूर टीटू, सतनाम सिंह भाटिया, अवतार सिंह, गुणवीर सिंह, मेजर सिंह, तेजिंदर सिंह, संदीप सिंह, आनंद सिंह, गौरव सिंह आदि मौजूद थे।

# अन्नपूर्णा धाम : जगदगुरू कृष्णगिरि महाराज के मार्गदर्शन में होगा विद्यासिद्धि महानुष्ठान



ललितपुर। जगद्गुरु स्वामी कृष्णगिरि महाराज।

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम गनगौरा-टोरिया के माँ अन्नपूर्णा धाम में श्रीशतचण्डी महायज्ञ एवं श्रीविद्यासिद्धि महाअनुष्ठान, श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ अनुष्ठान जगतगुरू स्वामी डॉ.कृष्णगिरि महाराज की प्रेरणा व मार्गदर्शन में श्रीअम्बा पराअम्बा जगदम्बा मां भगवती एवं श्रीहनुमानजी महाराज की अनुकम्पा से यज्ञीय अनुष्ठान 28 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 6 मई तक चलेगा जिसमें प्रख्यात संतों का संत समागम रहेगा।

आयोजन की मुख्य कलश यात्रा ग्राम गनगौरा तालाब से 28 अप्रैल को शुरू होकर अन्नपूर्णा धाम पहुंचेगी। धर्माचार्य जगतगुरू स्वामी कृष्णगिरि महाराज ने धार्मिक अनुष्ठान को कल्याणकारी बताते हुए जानकारी दी कि इससे संसारिक जीवन की आदि-व्याधि से मुक्ति मिलती है। संत महात्माओं के सत्संग का लाभ भी मिलता है। यज्ञाचार्य पं.रामकिंकर त्रिपाठी ने श्रीशतचण्डी महायज्ञ एवं श्रीविद्यासिद्धि महानुष्ठान की व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दिया। महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा ग्राम गनगौरा टोरिया से अन्नपूर्णाधाम के लिए 28 अप्रैल को सायं 4 बजे निकलेगी, जिसके लिए अपरान्ह 3 बजे कलश यात्रा में सम्मलित होने के लिए शहर के सर्वेश्वरधाम, नृसिंह मंदिर, चण्डीमाता मंदिर एवं तुवन मंदिर से वाहनों की व्यवस्था रहेगी। 29 अप्रैल को मण्डप प्रवेश, पीठादिपूजन अर्चना प्रारम्भ एवं श्रीमद भागवतकथा महापुराण होगी। 1 मई से ग्रहाहुति व हवन प्रारम्भ एवं 6 मई को पूर्णाहुति प्रसाद एवं कन्या भोज होगा। यज्ञ के दौरान सायं 4 बजे से 7 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का लाभ धर्मालु जनों को मिलेगा। महायज्ञ अनुष्ठान में श्रीचण्डी पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर चन्द्रेश्वर गिरि महाराज, श्रीमहंत बलरामपुरी महाराज कुआतला, श्रीमहामण्डलेश्वर रामगोपालदास महाराज मल्लाहरगढ, महंत गंगादास महाराज नृसिंहमंदिर, महंत रामलखनदास महाराज तुवन मंदिर, महामण्लेश्वर राष्ट्रीय अध्यक्ष खाटूश्याम श्रीमहाकाल अखाडा रावलबाबा, धर्माचार्य महंत अनिल प्रकाश महाराज, साध्वी देवी श्वेताम्बरा सहित अनेक संतों का समागम रहेगा। आयोजन की व्यवस्थाओं को बहादुरसिंह मड़वारी, बल्लनराजा टोरिया, रामसेवक प्रधान गनगौरा, रानूराजा प्रधान जैरवारा, रामसिंह पूर्व प्रधान गनगौरा, रतनसिंह गुजरातन, दयाराम रावागढ, मंगलसिंह चौहान नैगाव वाले, प्रतापसिंह जैरवारा,खिलानसिंह मडवारी संतोष नारायण शर्मा, राजेश साहू, पवन जैन, सुनील शर्मा, अक्षय अलया, रमेश राठौर, कृष्णकान्त सोनी, कौशल किशोर गोस्वामी, महेश पटैरिया, रविशंकर राठौर, मनोज जैन, मनविन्दर कौर, रितू समाधिया, वीरेन्द्र जैन, जगदीश गोस्वामी, दयाराम रावगढ, गिरीश गोस्वामी, जगदीश गोस्वामी, लक्ष्मीनारायण साहू, संजय गुप्ता, आनपंद पटैल, धनीराम मिर्चवारा, प्रदीप गोस्वामी, पुष्पेन्द्र राजा बुन्देला, संजूराजा क्षत्रिय, देवीशंकर कटारे, पुनीत नगायइच, अशोक राजपूत, अतल सिंह, मुन्नालाल सोनी, रामसिंह यादव जिजयावन, अतल सिंह, देशपतसिंह, लखनसिंह राजपूत आदि जुट गये हैं।

### पहलगाम हमले की काँग्रेसियों ने की मजम्मत

ललितपुर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस पार्टी में आक्रोश है। सभी आक्रोशित कांग्रेसियों ने विरोध मार्च निकालते हुये पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये और मोमबत्तियां जलाकर इस आतंकवादी हमले में मारे गये निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी। दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थनाएं की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में शनिचरा चौराहा से घण्टाघर तक विरोध मार्च करते हुये कांग्रेस नेताओं ने जमकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस घटना से पूरा देश दहल गया है। कब तक निर्दोषों की हत्या होती रहेगी। सरकार इन हत्यारों को शीघ्र पकड़कर फांसी पर लटकाने का काम करे।

# यातायात नियमों के महत्व को समझें

## नियमों की अनदेखी से दुर्घटनाओं पर टीएसआई ने चेताया



ललितपुर। घण्टाघर के पास चैकिंग अभियान पर टीएसआई।

ललितपुर। यातायात नियम उन वाहन चालकों को सबक सिखाने के लिए नहीं बनाये जाते हैं, जो कि नियमों का उल्लंघन करते हैं। बल्कि यह नियम सभी वाहन चालकों और सड़क पर चल रहे पैदल राहगीरों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए हैं। यातायातय प्रभारी आलोक तिवारी ने चैकिंग के दौरान हिदायत दी कि दो पहिया वाहन चालक यदि हेलमेट लगाकर वाहन चलाये और तीन सवारियों को न बैठाये तो सड़क दुर्घटना की संभावनाएं काफी न्यून होती है। बताया कि तीन पहिया सवारी टैक्सी, लोडिंग टैक्सी या पिकअप में अधिक धनोपार्जन की लालसा के चलते क्षमता से अधिक सवारियां भरकर या फिर अत्याधिक माल को ढ़ोने के चक्कर में दुर्घटनाऐं ज्यादा होती हैं। डम्पर में क्षमता से अधिक माल ढ़ोना और बसों में क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाना भी गलत है। असमय होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ही यातायात नियम पालन जरूरी हैं। ललितपुर यातायात पुलिस लोगों को जागरूक करने का काम तेज कर दिया है। नियमों को बार-बार तोड़ने वालों पर सख्ती से कार्यवाही करते हुये वाहन तक सीज कर दिये जा रहे हैं। यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी द्वारा जनपदवासियों से आह्वान किया गया है कि वह यातायात नियमों की अनदेखी न करें।

# एक राष्ट्र एक चुनाव : सामाजिक संगठनों से किया संवाद




ललितपुर। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

ललितपुर। स्वैच्छिक संगठनों के नेटवर्क विकल्प के तत्वाधान में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर सामाजिक संगठनों का संवाद कार्यक्रम स्थानीय सोसायटी फॉर का प्रगति भारत संस्थान के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुक्ति संस्था के संरक्षक लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा ने की। मुख्य अतिथि एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम के जनपद संयोजक प्रदीप चौबे रहे। आचार्य लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव बहुत ही अच्छा है। इससे जहां पर देश के धन के दुरुपयोग को बचाया जा सकता है वहीं हमारे संसाधनों का बेहतर उपयोग भी किया जा सकता है। कार्यक्रम संयोजक, नेहरू महाविद्यालय प्रबंधक प्रदीप चौबे ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 1967 तक पूरे देश में एक ही आम चुनाव होते थे और इसमें लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव साथ में हुआ करते थे। परंतु बीच में परिस्थितियों के कारण यह क्रम बिगड़ गया है। बताया कि यदि देश में एक साथ चुनाव कराया जाए तो इसे हम 4 लाख करोड़ तक बचा सकते हैं। इस अवसर पर मुक्ति संस्था के कन्हैया नामदेव, डीके पाल, धर्मसिंह कुशवाहा सहकार भारती, जयेश बादल, सुनील जैन आबू, दीपाली पटेरिया, वासुदेव सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, अनिल पटेरिया, भरत रावत, बृजेश गुप्ता, मोहनी जैन, रोशनी चांद, रमेश श्रीवास्तव, रमन शर्मा, कुंजबिहारी शर्मा, अशोक कुमार, विनय श्रीवास्तव एक्शन एड, शिशुपाल सिंह, कंचन सिंह परमार, सौरभ कुमार, जानी राजा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संचालन साई ज्योति के सचिव अजय श्रीवास्तव ने व आभार सोसायटी फॉर प्रगति भारत के अनिल पटैरिया ने जताया।

# आतंकवाद के खिलाफ व्यापारियों ने पाकिस्तान का पुतला फूँका

## नारेबाजी कर कहा हम राष्ट्र के साथ खड़े हैं



ललितपुर। घण्टाघर पर पाकिस्तान का पुतला दहन करते व्यापारी नेता।

ललितपुर। पहलगाम में हुये आतंकवादी हमले में 28 पर्यटकों की नृशंस हत्या किये जाने के विरोध में ऐसे आतंकियों, शरण देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने लामबंद होकर प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। व्यापारियों ने श्रीजगदीश मार्केट में श्रद्धांजलि सभा की। घण्टाघर मैदान में पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला दहन किया। प्रधानमंत्री को भेजे गये ज्ञापन में व्यापारियों ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए सामूहिक आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुये इसे एक अमानवीय एवं जघन्य कृत्य बताया। कहा भारत सरकार इस आतंकी हमले का उपयुक्त और प्रभावशाली उत्तर दे। पाकिस्तान प्रायोजित इस आतंकवाद के विरूद्ध भारत सरकार द्वारा यदि सिंधु जल समझौते को रद्द करना, पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के निर्देश देना अथवा अन्य कठोर कदम उठाना आवश्यक समझा जाता है, तो व्यापारी समाज उसमें पूर्ण रूप से सरकार के साथ खड़ा है। यह अपील की है कि इस घटना में शामिल एक-एक व्यक्ति को ऐसा दंड मिलना चाहिए कि जो नजीर बने और कोई भी इस भारत मां की धरती पर दोबारा आंख उठाने की कोशिश न करे। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेन्द्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, अनिल जैन, अशोक अनौरा, महेश जैन, पंकज जैन, मुकेश जैन, संजीव जैन, राजकुमार जैन, रिक्की जैन, नीतेश जैन, अंकित सतभैया, शुभम जैन, अवनीश जैन, धर्मेन्द्र जैन, सतीशचंद, पवन जैन, जयनारायण शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, अभय जैन एड., मोहन पटवा, शशांक जैन, राहुल शर्मा, नवीन सिंघई, ज्ञानप्रकाश खंडेलबाल, राजीव जैन, मनोज जैन, महेश सतभैया, अरविंद जैन, मनीष जैन, आदर्श जैन, देवेन्द्र जैन, विनोद जैन, राजीव कुमार, विजय जैन, पवन, रोहत जैन, मनोज जैन, वीरेन्द्र, बृजेश जैन, रविन्द्र जैन, अनिल जैन, हेमन्त जैन, दीपक सिंघई, उदयभान यादव, प्राजल जैन, आलोक मयूर, विजय सेन, अनिल सेन, कुलदीप जैन, राजेन्द्र जैन, मुलायम सिंह, विनय साहू, राजीव जैन, संजय कुर्मी, अवध बिहारी, सुरेशचन्द्र, जितेन्द्र गोस्वामी, शिखर उमरिया, अमित जैन, रामू रिछारिया, उपेन्द्र जैन, शैलेन्द्र, नितिन, प्रियंक जैन, राहुल विश्वकर्मा, आकाश जैन, राजेश चन्द्र, अजय जैन, सन्जू समैया, राजीव नामदेव, वीरेन्द्र जैन, रामप्रकाश साहू आदि व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# इस्लामी आतंकवाद का विश्व हिन्दू परिषद ने फूंका पुतला



चित्रकूट। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड पालकों के नेतृत्व में इस्लामी आतंकवाद का पुतला दहन कर विरोध जताया। सभी प्रखंडों में प्रखंड के सनातनी हिंदुओं ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।
जिला मंत्री नीरज केसरवानी ने कहाकि जीना है तो मरना सीखो इस्लामी आतंकवाद से लड़ना सीखो हम सभी को एक होकर इस इस्लामिक आतंकवाद का डटकर मुकाबला करना होगा व सभी को अलग-अलग जातियों में ना बंटकर एक होने का समय आ गया है हम सभी को पाकिस्तान इस्लामिक आतंकवाद समर्थितो का आर्थिक बहिष्कार करना होगा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, कमलाकांत, लोकेंद्र, अतुल सिंह, विनीता द्विवेदी, साधना सिंह, सुनील मिश्रा, सनी सोनकर, बैजनाथ केसरवानी मौजूद रहे।

*गुरसराय। पहलगाम मे हुए आतंकी हमले मे निर्दोष व्यक्तियों की जान गई जिससे आक्रोशित भारतीय जनता पार्टी,विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मिलकर मोदी चौराहा गुरसराय मे पाकिस्तान एवं आतंकवाद का पुतला जलाया और शोक संवेदना व्यक्त की जिस मौके पर जवाहर लाल राजपूत विधायक, प्रसिद्ध नारायण यादव पूर्व जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद,अवधेश सिंह फौजी,मुन्नी राजा अस्ता, छोटू अस्ता जिलाध्यक्ष करनी सेना, कुँवर अंश सिंह बुंदेला जिलाध्यक्ष राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी,सतीश चौरसिया,आदि लोग मौजूद रहे।*

## पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च



चित्रकूट। शहर के पटेल तिराहा से शहीद पार्क तक कांग्रेस जनों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कई पर्यटकों के मारे जाने पर कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की।
जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहाकि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर करना आतंकी हमले की खबर एवं शर्मनाक है ऐसे कृत्यों की जितनी कठोर शब्दों में निंदा की जाए कम है। हमले में कई लोगों के हताहत होने की सूचना पीड़ा दायक है आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश है सरकार सिर्फ खोखले भाषण बाजी ना करें सख्त से सख्त कठोर कार्यवाही करने का काम करें।
इस मौके पर पूर्व प्रदेश महासचिव ठाकुर पुष्पेंद्र सिंह, पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पांडेय, अनिल गुप्ता, विजयमणि त्रिपाठी, गज्जू प्रसाद फौजी, शिवगुलाम वर्मा, जाहिर सिंह पटेल, मानवेंद्र सिंह पटेल, ओमप्रकाश गुप्ता, सविता पाल, बंदना, खुशबू, हरिहर सहाय विश्वकर्मा, राजेश सिंह पटेल उमाशंकर पांडे, चंद्रशेखर सिंह, अर्चित कुमार, पंडित बालकृष्ण, रामगरीब पांडे, जगजीत विश्वकर्मा, महेंद्र सिंह, भूरा साहू, किशोरी पाल, रामगोपाल, विक्रम सेगर, उल्लू सेगर, चुन्नू वर्मा, बारेलाल त्रिपाठी, राजू पाल, रामपाल वर्मा, अरविंद प्रताप वर्मा, सीताराम, आशीष कुमार, मनधीर वर्मा, दिनेश, राजा सलपती, अभिलेश वर्मा, इंदु, रोहित सिंह पटेल, सौरभ कुशवाहा मौजूद रहे।

## आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये



गुरसराय। पहलगाम में हुए निर्मम आतंकी हमले के विरोध में डॉ राम मनोहर लोहिया महिला महाविद्यालय गुरसराय में अध्यापकों एवं छात्राओं ने आतंकवादी विरोधी एवं पाकिस्तान विरोधी नारे लगाकर विरोध प्रकट किया। डॉ राम मनोहर लोहिया महिला महाविद्यालय गुरसराय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया द्य छात्राओं ने आतंकवादी मुर्दाबाद,पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर मेजर अखिलेश पिपरैया ने कहा कि आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों की सामूहिक हत्या करके जघन्य अपराध किया है। यह समस्त मानव जाति के लिए कलंक की बात है। इन आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए तथा उनको संरक्षण देने वालों को भी सबक सिखाने की आवश्यकता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रंजना शुक्ला ने कहा कि सभी देशों को मिलकर आतंकवाद को निर्मूल नष्ट करने के संघर्ष करना चाहिए। समस्त स्टाफ एवं छात्राओं ने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों को 2 मिनट मौन धारण करके श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर धीरज दीक्षित, राम राजपूत,राम प्रकाश निरंजन, निलेश यादव, लल्लू यादव,अजय गौर,यादवेंद्र सिंह, प्रहलाद गुप्ता, शारदा सिंह चौहान, पूजा सोनी, राम लला यादव, दीपक यादव,गुलाब राय शर्मा, हरगोविंद झा एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# चंद्रकमल अस्पताल का टेक्नीसियन डाक्टर बताकर कर रहा सर्जरी

चित्रकूट। जिला अस्पताल के सूत्रो के मुताबिक अल्ट्रासाउंड सेंटर कक्ष में तैनात डा राजेन्द्र प्रताप अस्पताल में समय से कभी नहीं पहुंचते है और समय से पहले ही निकल जाते है। यह ज्यादातर समय मुख्यालय के शंकर बाजार स्थित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर में काम करते है। यह डाक्टर जिला अस्पताल में आने वाले मरीजो को खोह के विंग अस्पताल में तैनात डा बृजेष सिंह पटेल के प्रयागराज एआरटीओ कार्यालय के सामने स्थित चंद्रकमल अस्पताल में भेजते है। इसी तरह खोह विंग में आने वाले मरीजो को चंद्रकमल अस्पताल ही भेजा जाता है। जिला अस्पताल में बीते डेढ दषकों से अधिक समय से तैनात वार्ड ब्वाय दीपक मिश्रा जिला अस्पताल से मरीजो को सीएमएस की साठगांठ से चंद्रकमल अस्पताल भेजने का कार्य करता है। जिला अस्पताल में रहने वाले डाक्टर राजेन्द्र प्रताप सरकार से लगभग लाखो रूपए का मानदेय लेने के बावजूद ज्यादातर प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर में काम करके लाखो रूपए प्रति माह कमा रहे है। इसी तरह डा बृजेष सरकारी मानेदय लेने के बाद अपने निजी क्लीनिक चंद्रकमल के जरिए मरीजो को लूट करके मालामाल हो रहे है। बताया गया कि जिले में तैनाती के बाद से दोनो डाक्टरो ने अरबों की संपत्ति तैयार कर ली है। डाक्टर बृजेष फतेहपुर और डा राजेन्द्र प्रताप सुलतानपुर जनपद के निवासी है। पूर्व सीएमएस डा सुधीर शर्मा ने इन दोनो डाक्टरों की कारगुजारियों पर अंकुष लगाने का प्रयास किया था। जिस पर इन दोनो डाक्टरों ने पूर्व सीएमएस का तबादला कानुपर एक जनप्रतिनिधि के जरिए कराकर मन मुताबिक सीएमएस को नियुक्त करा लिया है। अब यह दोनो डाक्टर मनमाने तरीके से मरीजों को लूटकर योगी सरकार के जीरो टालरेंस को मुंह चिढा रहे है। जबकि इनके क्लीनिको में कोई भी डाक्टर तक नहीं है। इसके बावजूद इस तरह की मनमानी पर रोक नहीं लगाई जा रही है। चंद्रकमल अस्पताल मे तैनात टेक्निीषियन संजय खुद को डा0 संजय बताकर जिला अस्पताल से रिफर कराकर प्रसव समेत सर्जरी कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### अश्वमेघ महायज्ञ का किया प्रचार-प्रसार

चित्रकूट। 16वे अश्वमेध महायज्ञ प्रयाग मे आयोजित 151कुण्डीय गायत्री महायज्ञ चित्रकूट के प्रचार प्रसार के लिये जनपद बाँदा की विभिन्न शाखाओं मे सम्पर्क गोष्ठी मे गायत्री शक्तिपीठ संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी के साथ बृजेश त्रिपाठी, रामशरण शास्त्री, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राजकुमार की टोली ने मार्गदर्शन किया। बाँदा मे दीपक पटेल द्वारा गायत्री अध्ययन केंद्र का शुभारम्भ किया। डॉ रामनारायण त्रिपाठी जिला प्रचारक अनुराग ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। अलिहा गायत्री मंदिर मे महंत सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन मे गोष्ठी का आयोजन हुआ। बबेरू गायत्री शक्तिपीठ मे मुख्य ट्रस्टी बृजेन्द्र सविता, कोदू राम पटेल, प्रमोद शिवहरे, रामसजीवन मनीष सोनी के संयोजन मे गोष्ठी हुई.। कमासिन मे प्रमोद श्रीवास्तव के आवास पर नंदकिशोर बर्मा, डॉ उदय भारती राजीव दीक्षित स्वदेसी भवानी दीन यादव, गीता शर्मा, धुधुई ग्राम प्रधान रामेश्वर यादव, दिनेश शास्त्री, एडवोकेट केदार प्रसाद यादव मुकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कल्याण भारती कालेज का शत प्रतिषत रहा परिणाम

चित्रकूट। कल्याण भारती इंटर कॉलेज कालूपुर पाही का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में छात्र भैरव प्रसाद जबकि इंटर में छात्रा पूनम यादव ने कालेज टाप किया। कॉलेज प्रबंधक जागेश्वर प्रसाद राजपूत के मुख्य आतिथ्य में प्रधानाचार्या कल्पना राजपूत ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उन्हें और कड़ी मेहनत के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। धीरेन्द्र कुमार कक्षा 10 का छात्र निवासी पथरौडी षिवरामपुर ने पूर्णांक 600 मे प्राप्तांक 565 प्रतिषत 94.17 अंक पाकर नाम रोषन किया है। प्रधानाचार्या ने बताया कि उनके यहां हाईस्कूल व इंटर परीक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल में भैरव प्रसाद श्रवण कुमार, सूरज को सर्वोच्च अंक प्राप्त हुए हैं जबकि इंटर में पूनम यादव ने कालेज टाप किया है दूसरा नंबर काजल प्रजापति और तीसरा नंबर अंकिता विश्वकर्मा को मिला है। विद्यालय प्रबंधक जागेश्वर राजपूत प्रधानाचार्या कल्पना राजपूत सहित सभी शिक्षकों ने सम्मानित किया। जबकि अंकिता विश्वकर्मा और पूनम यादव ने शिक्षिका बनकर राष्ट्र निर्माता की भूमिका निभाने की बात कही है।

### वारंटी दबोचा

चित्रकूट। थाना पहाड़ी उनि अभिनव प्रताप सिंह ने वारण्टी ज्ञानदत्त पुत्र रामकिशोर प्रजापति, रामदीन पुत्र विश्राम, रामकिशोर पुत्र बदलिया निवासी ग्राम कौहारी को गिरफ्तार किया।

### एमएलसी जितेंद्र सेंगर ने तिंदुही, पचपहरा गांव में चौपाल लगा सुनी समस्याएं,निदान का दिया भरोसा



चरखारी महोबा। भाजपा संगठन के निर्देश पर डॉ भीमराव अंबेडकर संपर्क अभियान के अंतर्गत खन्ना मंडल के ग्राम पचपहरा एवं ग्राम तिंदुही में अनुसूचित बस्तियों में ग्रामीणों से संपर्क करते हुए विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर सरकार की योजनाओं से अवगत कराया एवं चौपाल माध्यम से ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य,पेयजल,सीसी सड़क एवं पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं से लोगों द्वारा अवगत कराया कुछ समस्याओं को मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारी से वार्ता कर निस्तारण के निर्देश दिए द्य साथ में भाजपा मंडल अध्यक्ष ओंकार सोनी चेयरमैन मतौंध सुधीर सिंह हरिश्चंद बूथ अध्यक्ष सागर आकाश आशीष निगम सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# भदेहदू अग्निकांड पीडितों तक नही पहुंची मदद राशि

## करोड वसूलने वाला विभाग नही दे रहा जवाब

चित्रकूट। अग्निकांड से भदेहदू गांव मे मची तबाही से कुछेक लोगो ने भरपूर फायदा उठाया है। इसमे समाजसेवियो को छोडकर देखा जाए तो क्रेषर मंडी भरतकूप का इस बार कोई योगदान नही है हर बार अग्निपीडितो की मदद करने वाली क्रेषर मंडी इस बार संबंधित अधिकारी को करोडो का चंदा तो दे दिया लेकिन मानीटरिंग नही किया और ना ही खनिज विभाग से पूंछने की जहमत उठायी। आखिरकार यह पैसा कहां गया। इस मामले मे खनिज विभाग का कहना है कि वह इस चंदे को कब कहां और कैसे देना है यह हम तय करेगे। सवाल इस बात का है कि जिसे अग्निीपीडितो की मदद करना था वह सब कर दिए लेकिन इनका कब समय आयेगा यह तो भविष्य के गर्भ मे है। पुलिस और प्रषासन ने दूसरे दिन ही पूरी ब्यवस्था कर दिया समाजसेवी संस्था इंटरनेषनल पायनियर्स क्लब और भजनाश्रम ट्रस्ट समेत सैकडो लोगो ने अग्निीपीडितो की मदद की लेकिन चंदा वसूलने वालो ने एक फूटी कौडी भी नही दी। सूत्र बताते है कि क्रेषर मंडी बालू पत्थर ढोका ईटा गिटटी बालू सभी ने मदद की लेकिन क्रेषर मंडी की भारी भरकम मदद उन लाचार मजबूर अग्निीपीडितो के हलक को गीला नही कर सकी। आज भी उन्हे मदद की दरकार है।
गौरतलब है कि पिछले चार अप्रैल को भदेहदू की दलित बस्ती मे चूल्हे की चिंगारी से आग लग गयी थी जिसमे दलितो के 32 घर पूरी तरह जलकर खाक हो गये थे खाने पीने का सामान के साथ कपडा रूपया पैसा कच्चे घर पूरी तरह जल गये थे। अब भी वह सामान्य लोगो की तरह जीवन यापन नही कर पा रहे। लिहाजा विस्थापितो की तरह जीवन जीने को मजबूर है। खनन पटटा धारक और बालू घाट चलाने वाले किसी भी संचालक से पूंछा जाये तो यही बताते है कि उनके संघ ने अग्नि पीडितो की मदद के लिये लगभग एक करोड का चंदा इकट्ठा कर अधिकारी को दिया है। यह चंदा उन्ही की अगुवाई मे अग्नि पीडितो को दिया जाना था लेकिन अभी तक क्यो नही दिया गया उनकी जानकारी मे नही है और न ही वह पूंछ पा रहे है।

## पेड़ों की कटान पर नहीं लग रही लगाम




पनवाड़ी महोबा। जनपद महोबा के ब्लाक पनवाड़ी क्षेत्र में वन विभाग व ठेकेदार की मिली भगत हरे पेड़ों की अवैध कटान हो रही है तथा आरा मशीनों पर उसकी चिराई की जा रही है। हरे पेड़ों की हो रही अवैध कटान से जहां एक ओर सरकार की मंशा पूरी नहीं हो पा रही है वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। वहीं समाजसेवी एवं जागरूक लोगों के द्वारा अवैध लकड़ी की शिकायत कई बार वनविभाग से की गई। मगर अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई।
वहीं सरकार प्रति वर्ष पौधारोपण कर पर्यावरण को सुधारने का प्रयास कर रही है। पौधारोपण करने के पौधों की सुरक्षा के भी प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार की इस मंशा को वन विभाग बट्टा लगा रहा है।विभाग पर्यावरण संरक्षण की मंशा को दर किनार कर मुनाफे के चक्कर में हरे पेड़ों को कटवा रहा है। वन विभाग, ठेकेदारों व आरा मशीन संचालकों की सांठगांठ से धड़ल्ले से हरे पेड़ों की कटान हो रही है। जब कभी लकड़ी पकड़ी जाती है तो कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। जाड़े के मौसम में अंधेरा होने पर सड़कों पर सन्नाटा हो जाता है। सड़क पर सन्नाटा होने का फायदा उठाकर लकड़ी माफिया, आरा मशीन संचालक वन विभाग से सांठगांठ करके प्रतिबंधित पेड़ों की कटान कराई जा रही है। अवैध रुप काटे जा रहे पेड़ों की लकड़ी को आरा मशीन पर रुप परिवर्तित कराया जा रहा है। मसूदपुरा रोड़ एवं नौगांव फदना रोड के पास संचालित आरा मशीन पर प्रतिबंध पेड़ों की बड़ी संख्या में पड़ी है ।

## बालश्रम पर संयुक्त टीमों ने की चेकिंग



चित्रकूट। ऑपरेशन बचपन बचाओं आन्दोलन में बालश्रम एवं एएचटीयू की संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह के सम्बन्ध में मीटिंग कर रामघाट, बेडीपुलिया क्षेत्र में बालश्रम एवं भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु बाल बचाओ पुनर्वास अभियान चालाया गया।
बालश्रम अधिकारी कर्वी महेन्द्र शुक्ला, बाल कल्याण अधिकारी सौरभ सिंह तथा थाना उनि सदानन्द सिंह थाना एचटीयू, आरक्षी त्रिभुवन सिंह ने बाल विवाह के सम्बन्ध में मीटिंग कर रामघाट, बेड़ीपुलिया क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के आस-पास होटलों, दुकानों की चेकिंग का अभियान चलाया। इस दौरान होटलों में हो रहे बालश्रम की चेकिंग की गयी तथा पम्पलेट्स वितरित कर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी।

## राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज पिपरा में बच्चों को किया सम्मानित





गुरसरांय। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज पिपरा में वर्ष 2024-25 की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के परिणामों में हाई स्कूल का 94.91% एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 71.41% रहा। हाई स्कूल में 82.5% के साथ अनामिका प्रथम स्थान पर रही, सुखदेव 78.17% के साथ द्वितीय स्थान पर रहे जबकि प्रगति पटेल ने 75.17% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया । विद्यालय केप्रधानचार्य संदीप यादव,संयोगिता यादव, शाइस्ता, रुही चौहान,अर्चना तिवारी,ज्योति गौर,नीतू वर्मा,अनीता देवी,विपिन पटेल,रवि शंकर ,माधुरी सहित विद्यालय परिवार ने छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।

## एस डी एम की अध्यक्षता मे समाधान दिवस हुआ आयोजित



पनवाड़ी/महोबा। आज चोथे शनिवार को पूर्व से निर्धारित एस डी एम अनुराग प्रसाद की अध्यक्षता एव सी ओ हर्षिता गंगवार की उपस्थिति मे समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसका संचालन प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी ने किया।जिसमे क्षेत्र के सभी लेखपाल उपस्थित रहे।
उपरोक्त समाधान दिवस मे भूमि सम्बन्धी एव परिवारिक सम्वन्धी सात वाद दर्ज किये गये जिसका मौके पर किसी वाद का निस्तारण नही हो सका ।वादो के निस्तारण के लिए एस डी एम ने क्षेत्र के लेखपालो को पुलिस टीम के साथ भेज कर मौके पर निस्तारण करने के आदेश दिये। इसी के साथ पत्रकारो ने एस डी एम से वार्ता मे तिगैला मुख्य तिराहे पर वाहन खडे होने एव दुकानदारो द्धारा अतिक्रमण किये जाने का ध्यान आकृष्ट कराया इस पर इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी को नोटिस देने के निर्देश दिये।
इस मौके पर नायव तहसीलदार अभिषेक मिश्रा कानून गो मुहम्मद अनवार ओमकार पाण्डे लेखपाल वृजेन्द्र पाल मेघा चतर्तुवेदी नीलू यादव हरवंश राजपूत हरिनारायन सिह नितिन पटेल शिवकरन आदि उपस्थित रहे।

## अमावस्या मेला ड्यूटी मे लगे पुलिसकर्मियो को किया ब्रीफ

चित्रकूट। अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि ने अमावस्या मेला ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया। ब्रीफिंग में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी का मौसम है मेला क्षेत्र में चिकित्साधिकारी मय दवाईयां के मेला क्षेत्र में समय से उपस्थित होकर आने वाले श्रद्धालुओं को समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराते हुए तत्काल उचित इलाज करेगें। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी कर्मचारी अपनी-अपनी डियूटी पर समय से पहुचेंगे। पूरे मेले को सकुशल संपन्न करने के लिए 3 जोन व 12 सेक्टर में बांटा गया है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल, क्षेत्राधिकारी राजापुर जय करन सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण उपस्थित रहे।

## किसानों के घेराव से उत्पन्न हुई जाम की स्थिति

जनता यूनियन मथुरा । भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकताओं का गुस्सा आज फूट पड़ा। चेतावनी दिए जाने के बाद प्रशासन व विद्युत विभाग के अधिकारी नहीं जागे। इससे क्षुब्ध होकर आज संदूर गांवों से निकलकर किसान ट्रेक्टर ट्रालियों में भरकर कलेक्ट्रेट प्रदर्शन करते हुए पहुंच गए। जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर मुख्य सड़क पर बैठ कर डीएम कार्यालय का घेराव किया। किसानों ने अधिकारियों की बुद्धि शुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया। अधिकारियों को चेतावनी दी कि वह एसी से निकलकर किसानों की समस्याओं का समाधान करें। अन्यथा कार्यालयों में उन्हें बंद कर दिया जाएगा।
भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर के नेतृत्व में किसानों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर घेराव कर प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने 15 सूत्रीय ज्ञापन एडीएम राजेश कुमार को सौंपा।

# देवांश , सक्षम और शिवांशु सोनी बने अपने अपने वर्ग में चैम्पियन

- आरबीपीएस स्कूल में इंटर स्कूल शतरंज चैम्पियनशिप का रोमांचक समापन
- विजेताओं को नकद पुरस्कार , ट्राफी व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित




कुलपहाड ( महोबा ) । रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल ( आरबीपीएस ) में चल रही इंटर स्कूल चैस चैंपियनशिप ने न केवल छात्रों की बुद्धिमत्ता को मंच प्रदान किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास, धैर्य और निर्णय क्षमता की भी परीक्षा ली। प्रतियोगिता के अंडर - 11 वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रतिभावान खिलाड़ियों देवांश राजपूत, देवांश यादव (आरबीपीएस) अनुराग, सिद्धांत (सैंट जोसेफ एकेडमी) ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि अनिरुद्ध को इस राउंड में बाय मिली।
वहीं दूसरी ओर अंडर - 14 आयु वर्ग में शिवा ने अभिनेंद्र को, सक्षम ने शरद को क्वार्टर फाइनल में पराजित किया। अंडर - 17 आयु वर्ग में शिवांशु सोनी ने गजेंद्र को हराया और अंश स्वर्णकार बाय के साथ फाइनल में पहुंचे।
सेमीफाइनल मुकाबले गहन एकाग्रता और सटीक रणनीति की मिसाल बने।
शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबलों में अंडर - 11 वर्ग में आरबीपीएस के देवांश यादव ने सैंट जोसेफ एकेडमी कुलपहाड़ के अनुराग की चुनौती को पार करते हुए खिताब पर अपना कब्जा जमाया। वहीं अंडर -14 वर्ग में आरबीपीएस के सक्षम गुप्ता बेहद कांटे की टक्कर में सैंट जोसेफ एकेडमी के शिवा को हरा के विजयी बने। फाइनल मुकाबला एक अविस्मरणीय क्षण बन गया, जब अंडर - 17 सीनियर वर्ग के शिवांशु सोनी और अंश स्वर्णकार के बीच शतरंज की बिसात पर एक-एक चाल सोच-समझकर चली गई। अंततः आरबीपीएस के शिवांशु सोनी ने संयम और प्रतिभा का परिचय देते हुए खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में विजेताओं को जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल व महामंत्री अमित अग्रवाल ने नकद ? 1100 ट्रॉफी और सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तथा उपविजेताओं को ? 700 नकद, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। समारोह का संचालन शतरंज संघ के सहसचिव सुधांशु खरे ने किया।
पूरे विद्यालय में गर्व, प्रेरणा और उल्लास का वातावरण रहा।

## कस्बा पनवाड़ी में ग्राहक सेवा केंद्रों पर मची धांधली

पनवाड़ी (महोबा) कस्बे पनवाड़ी में संचालित ग्राहक सेवा केंद्रों (छ्स्ष्ट) में इन दिनों जमकर धांधली चल रही है। खाताधारकों से पैसा जमा करने और निकालने पर निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं। इससे आम जनता में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र संचालक बैंकिंग नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। कई मामलों में सौ रुपये निकालने पर दस रुपये तक अतिरिक्त वसूली की जा रही है। वहीं जमा करते समय भी तय दर से ज्यादा पैसा लिया जा रहा है।

# अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता से करें : सभापति

- अधिकारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर जिलाधिकारी झांसी को मिली प्रशंसा
- सेवानिवृति कार्मिकों के समस्त देयकों का भुगतान समय से पूर्ण करें
- मृतक आश्रितों की नियुक्ति में मानकों के साथ मानवीय दृष्टिकोण का भी ध्यान रखें



**झांसी जयूसं।** सभापति वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति उत्तर प्रदेश विधान परिषद पवन कुमार सिंह के सभापतित्व में जनपद झांसी, जालौन एवं ललितपुर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार, झांसी में आयोजित की गयी। इस अवसर पर समिति के अन्य सदस्य एवं जनपद झांसी, जालौन एवं ललितपुर के जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे।

सभापति वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति उत्तर प्रदेश विधान परिषद पवन कुमार सिंह ने कहा कि अधिकारी अपने दायित्वों के संवेदनशील होकर कार्य करें, जिससे जनता को आपकी सेवाओं का शत-प्रतिशत लाभ प्राप्त हो सके। उन्होने निष्ठापूर्वक सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों की प्रशंसा की। सभापति ने कहा कि जिन विभागों के वित्तीय प्रकरण कार्यालय एवं उच्च स्तर पर लम्बित है, उन विभागों के अधिकारी अपने मुख्यालय और महालेखाकार उत्तर प्रदेश से वार्ता/पत्राचार कर लम्बित प्रकरणों को शीघ्रता से साथ निस्तारित करायें, इसके साथ ही मृतक आश्रितों के विचाराधीन प्रकरण पर शैक्षिक योग्यता के आधार पर मानवीय दृष्टिकोण रखते हुये नियुक्ति की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

### अनुपस्थित अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी जालौन, अधिशाषी अभियंता नलकूप जालौन, यूनानी अधिकारी जालौन, प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज जालौन, अधिशाषी अभियंता जल संस्थान ललितपुर तथा जिला बचत अधिकारी ललितपुर अनुपस्थित रहे, इस पर सभापति ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सख्त निर्देश दिये कि उक्त अनुपस्थित अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब कर सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी को सूचित करते हुये अपर मुख्य सचिव के समक्ष प्रेषित करें।

### यह नेता व अफसर रहे मौजूद

समीक्षा बैठक के दौरान विधायक झांसी सदर रवि शर्मा, विधायक ललितपुर सदर रामरतन कुशवाहा, विधायक सदर जालौन गौरीशंकर वर्मा, सदस्य विधान परिषद श्रीमती रमा निरंजन, सदस्य विधान परिषद डॉ.बाबूलाल तिवारी, सदस्य विधान परिषद जालौन विक्रान्त सिंह, विधान परिषद रामतीर्थ सिंघल, जिलाधिकारी झांसी मृदुल चौधरी, जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी ललितपुर अक्षय त्रिपाठी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी बीबीजीटीएस मूर्ति, पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 दुर्गेश कुमार, पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो0 मुश्ताक, उपाध्यक्ष झांसी विकास प्राधिकरण आलोक यादव, नगर आयुक्त झांसी सत्यप्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद आदि उपस्थित रहे।

# घटतौली प्रकरण: पल्लेदारों को हटाया, केन्द्र प्रभारी से कहा सुधर जाओ

## मण्डल में गेहूँ खरीद के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर होगी सख्त कार्रवाई:मण्डलायुक्त



**झांसी जयूसं ।** मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने मंडल में चल रही गेहूँ ख़रीद के सम्बन्ध में निर्देश दिए प्रत्येक क्रय केंद्र पर किसानों को पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराई जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि यदि केंद्र पर किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी, घटतौली या किसानों के उत्पीड़न की शिकायत प्राप्त होती हैं तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने कहा कि मण्डल में शासन द्वारा आवंटित गेहूँ क्रय लक्ष्य से अधिक गेहूं खरीद की संभावनाएं हैं, अतः समस्त केंद्र प्रभारी अपने क्षेत्र में किसानों से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए अधिक से अधिक गेहूं खरीद करना सुनिश्चित करें।

मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने कृषक सुनील कुमार पुत्र श्रीपत निवासी ग्राम रेवन तहसील मऊरानीपुर/विकास खंड मऊरानीपुर के द्वारा रेवन-बी पैक्स के गेहूँ क्रय केंद्र पर विक्रय किए गए गेहूं की घटतौली के संबंध में शिकायत करते हुए क्रय केंद्र पर हो रही अनियमितताओं जानकारी दी। मण्डलायुक्त ने उक्त शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल गेंहू की घटतौली किये जाने के प्रकरण की जांच कराए जाने के निर्देश दिए।

उप आयुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता ने रेवन बी-पैक्स गेहूं क्रय केंद्र की जांच अपर जिला सहकारी अधिकारी तहसील प्रभारी मऊरानीपुर द्वारा करवाते हुए बताया कि उक्त प्रकरण के अनुसार शिकायतकर्ता द्वारा लिखित बयान में क्रय केन्द्र पर कार्यरत पल्लेदारों द्वारा घटतौली की पुष्टि की गई, शिकायत सही पाए जाने पर पल्लेदारों को हटाए जाने साथ ही केंद्र प्रभारी को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में अपनी देखरेख में खड़े होकर किसानों को गेहूँ खरीद करवाये जाने एवं पल्लेदारों द्वारा पुनः इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो के निर्देश दिए। उपायुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता ने बताया कि जांच के समय शिकायतकर्ता सुनील कुमार स्वयं उपस्थित रहे।

# डीएम ने कहा- कब्जाधारियों पर की जाए कार्रवाई

## थानों में आने वाले शिकायतकर्ताओं के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें



**झांसी जयूसं।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ती ने संयुक्त रूप से समाधान दिवस पर थाना सदर बाजार में जन शिकायतों को सुना, शिकायतों को सुनते उन्होंने हुए सरकारी एवं निजी भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जों की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने पर आने वाले शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील होकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए व्यवहार किया जाए और उनकी शिकायतों का समय से निस्तारित किया जाए।

### अफसरों से कहा- कोई आग न लगाए, इस पर नजर रखी जाए

थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित लेखपाल, कानूनगो और पुलिस अधिकारियों से कहा कि गर्मी के दृष्टिगत क्षेत्र में भ्रमण के दौरान खेत में कोई आग न लगाए इस पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि छोटी से छोटी घटना को भी गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

### टॉप टेन अपराधियों पर की जाए कड़ी कार्रवाई

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सदर बाजार में पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग किया जाना सुनिश्चित किया जाए। थाने के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विवेचना पंजिका, टॉप टेन अपराधी पंजिका का अवलोकन कर टॉप टेन अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने एवं भूमि संबंधित प्रकरणों के नियम अनुसार समाधान किए जाने के निर्देश दिए।

### कब्जा कर खेतों पर जाने वाले रास्ते को कर दिया बंद

थाना समाधान दिवस के अवसर पर अनेक प्रार्थीगण मौजा सिंगरा तहसील व जिला झाँसी की अराजी संख्या-112, 113 ग, 123, के संक्रमण भूमिधर कास्थकार है मैन रोड से प्रार्थीगण के खेतों पर जाने के लिये अराजी संख्या 149 राजस्व अभिलेखों में एवं सजरा मानचित्र में अंकित है जिसका इस्तेमाल प्रार्थीगण वर्षो से करते आरहे है जबकि कुछ दिनों से रोड से लगे हुए अराजी संख्या 150 एवं 151 के कास्थगार रमेश कोरी, ने अराजी नं0- 149 पर कब्जा करके वहाँ से अन्य खेतों पर जाने वाले रास्ते को जबरन बन्द कर दिया है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ती, एएसपी शिवम आशुतोष, थानाध्यक्ष सदर बाजार, नायब तहसीलदार सहित क्षेत्र के लेखपाल, कानूनगो आदि उपस्थित रहे।

# तेज धमाके की आवाज, महानगर की पुलिस हो गई अलर्ट

**झांसी जयूसं।** बीती रात महागनर के लोगों को तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके की यह आवाज किसी बम की तरह थी। धमाके के बाद बहुत सारे लोग उत्सुकता में घर की छतों पर चढ़ गए और घटना की वजह जानने की कोशिश में लग गए। पुलिस अफसरों ने सभी थानों को अलर्ट जारी करते हुए इनपुट जुटाने को कहा। इसके साथ ही पब्लिक से मिली जानकारी को सेना के साथ साझा करते हुए धमाके की वजह का पता लगाने की कवायद शुरू हुई। सूत्रों के अनुसार यह सामने आया है कि यह तेज धमाके की आवाज बबीना सैन्य क्षेत्र में सुपरसोनिक जेट के उड़ान भरने के कारण आई थी। पुलिस अथवा सेना से जुड़े किसी आधिकारिक व्यक्ति ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। इस प्रकार के धमाकों से किसी की शीशे टूटे तो किसी के वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। वहीं, इस धमाके से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। धमाके की तेज आवाज के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई और फेसबुक, वॉट्सऐप समेत तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लोग अपने अनुभव शेयर करने लगे।

फेसबुक पर ममता मिश्रा ने लिखा कि झांसी शहर में अभी-अभी बहुत तेज धमाके की आवाज सुनाई दी लेकिन कोई बता नहीं रहा कि कहां धमाका हुआ। एक वॉट्सऐप ग्रुप में डॉ विकास ने लिखा कि झांसी शहर में अभी-अभी एक जबर्दस्त झटका महसूस किया गया है, जैसे भूकंप आया हो और साथ ही आसमान में से गर्जना करते हुए जहाज की आवाज भी आई है। लोगों का कहना है कि इसी दिन मध्य प्रदेश के पिछोर में भी विस्फोट हुआ है।

सोशल मीडिया पर और लोगों के बीच से आ रही प्रतिक्रियाओं के बाद झांसी पुलिस अलर्ट मोड में आ गई और इनपुट जुटाने में लग गई। इस मामले में कैंट से सटे थानों को सेना से इनपुट साझा करने को कहा गया है। इस संबंध एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभी धमाकों के बारे में कोई पुष्ट जानकारी नहीं मिली है। जानकारी जुटाई जा रही है।

# ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा के पारदर्शी आयोजन की योगी सरकार की तैयारी

- झांसी शहर के 20 केंद्रों पर होगी आयोजित परीक्षा में 9096 अभ्यर्थी लेंगे हिस्सा
- 27 अप्रैल को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा का होगा आयोजन
- परिवहन विभाग से समन्वय कर अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए किए गए प्रबंध

**झांसी जयूसं।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने जा रही ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा लिखित का आयोजन रविवार 27 अप्रैल को जनपद के 20 परीक्षा केंद्रों पर होगा, जिसमें 9096 अभ्यर्थी शामिल होंगे। योगी सरकार ने परीक्षा को सुचितापूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं की हैं। साथ ही अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इस बात का भी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

परीक्षा एक पाली में पूर्वाहन 10ः00 से 12ः00 बजे तक आयोजित होगी। सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण देते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि जनपद में परीक्षा के दौरान नकल किसी भी दशा में बर्दास्त नही होगी। परीक्षा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी किसी भी दशा में शामिल नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए कक्ष निरीक्षक एडमिशन कार्ड की गंभीरता से जांच करें। सभी परीक्षा केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरा वॉइस रिकॉर्डर के साथ, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, एंड्राइड फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा। महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला शिक्षिका द्वारा ही लिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उनके सामान को सुरक्षित रखे जाने की निःशुल्क व्यवस्था केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता रहेगी।

किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए रेलवे व परिवहन विभाग के साथ भी समन्वय किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट प्रमोद झा ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए रोडवेज विभाग को जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### विकसित भारत योजना पर एक दिवसीय हुआ सेमिनार




**झांसी जयूसं।** आर्य कन्या महाविद्यालय में डॉ अल्का नायक की अध्यक्षता में एन सी सी विभाग द्वारा विकसित भारत 2047 का योजना 2025 –2026 पर एक सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें सीनियर अंडर ऑफिसर सानिया खान, साजेंट काजल शाक्या, कोरपोरल सुप्रिया यादव, कोरपोरल निकिता वंशकार, कैडेट शोभना सिंह, कैडेट रोशनी अहिरवार, कैडेट वैष्णवी राजपूत, कैडेट माही शर्मा, कैडेट सोनाली साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्या डॉ अल्का नायक ने सभी कैडेट को देश के विकास में अपना योगदान देकर विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन अंडर ऑफिसर मुस्कान पटेरिया ने किया एवं आभार लेफ्टिनेंट डॉ शारदा सिंह ने किया।

### आतंकवाद के खिलाफ पुतला का किया दहन

**झांसी जयूसं।** हिंदू वाहिनी ने आतंकवाद के खिलाफ पुतला दहन किया हिंदू वाहिनी और भारतीय नवयुवक संघर्ष समिति के लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ पुतला दहन किया और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जयकिशन गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष सनि आजाद, महिला अध्यक्ष एड0 बीनू सिंह, एड0 चंद्रकुमार झा, जिला उपाध्यक्ष अनिकेत शाक्या, अश्वनी, महंत महेंद्र योगी, शिवाकांत चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार, एड0 मृत्युंजय, प्रमोद, सौरभ परिहार, रोहित सेन , दीपेश, रमन, कमलेश प्रजापति आदि सैकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# विप्रजनों का आक्रोश देख बैकफुट पर आया निगम निगम

## भगवान परशुराम से मांगी माफी, अपने खर्चे पर पचास होर्डिंग्स लगायेगा नगर निगम



**झांसी जयूसं।** कहते हैं जब विप्र बंधु परशुराम का रुप धरते हैं तो फिर एक से एक आक्रान्ताओं को नत मस्तक होना पडता है।इसी प्रकार की नजीर शनिवार को झांसी के नगर निगम कार्यालय में देखने को मिली जहां विप्रजनों के आक्रोश के चलते नगर निगम प्रशासन बैकफुट पर आ गया। इतना ही नहीं नगर मजिस्ट्रेट, पुलिस प्रशासन व मीडिया की उपस्थित में हुई पंचायत में नगर निगम प्रशासन ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भगवान परशुराम को साक्षी मानते हुए विप्रजनों से न सिर्फ क्षमा मांगी बल्कि महानगर के विभिन्न चौराहों एवं प्रमुख मार्गो पर नगर निगम के खर्चे पर पचास होर्डिंग्स लगाने की हामी भरी। इसके साथ साथ महानगर के विभिन्न मार्गो एवं चौराहों पर लगे किसी भी होर्डिंग्स को 30 अप्रैल तक न उतारने की बात भी,तब कहीं जाकर विप्र जनों का आक्रोश शांत हुआ और आम सहमति बनी। आपको बताते चलें कि परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में परशुराम सेवा संस्थान एवं विभिन्न ब्राह्मण संगठनों के द्वारा भगवान परशुराम जयंती की शोभायात्रा एवं चार दिवसीय आयोजनों के प्रचार प्रसार हेतु नगर में जितनी भी होर्डिंग्स ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों एवं परशुराम सेवा संस्थान के द्वारा लगाई गई थी उन सभी को नगर निगम ने अपनी तानाशाही दिखाते हुए उन्हें फाड दिया अथवा उतरवा लिया गया था। इन होर्डिंग्स के फाडे अथवा उतारे जाने की सूचना मिलते ही विप्र जनों में आक्रोश छा गया और शनिवार को नगर निगम खुलते ही महानगर के तमाम विप्र बंधु एकजुट होकर नगर निगम जा धमके तथा नगर आयुक्त के समक्ष होर्डिंग्स फाडने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की साथ ही उक्त घटना क्रम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराने की बात कहते हुए धरना देने की चेतावनी।

मामले की गंभीरता एवं विप्रजनों का आक्रोश देख नगर निगम प्रशासन बैकफुट पर आ गया।इधर विप्रजनों के धरना प्रदर्शन की सूचना पाकर नगर मजिस्ट्रेट, नगर क्षेत्राधिकारी, इंसपेक्टर नबाबाद मय दल बल के नगर निगम में जा पहुंचे और मामले को शांत कराते हुए समझौते का प्रयास किया। इधर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गौरव सक्सेना ने नगर निगम की ओर से गलती मानते हुए भगवान परशुराम को साक्षी मानते हुए सभी विप्रजनों से क्षमा याचना की और नगर निगम के खर्चे पर पचास होर्डिंग्स लगवाने एवं 30 अप्रैल तक किसी भी होर्डिंग्स को न छेडने की बात कही जिस पर आम सहमति बन गयी।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि गोकुल दुबे,पीयूष रावत, मैथिली ,आलोक शाडिल, के के दुबे,रविकांत मिश्रा , लखन पुरोहित,दीपक व्यास,अखिलेश शर्मा,दिलीप तिवारी,सत्येंद्र पुरी,राजीव तिवारी,प्रभात शर्मा,रामनारायण शर्मा ,पी एन गोस्वामी, आर एन उपाध्याय,अखिलेश सोनकिया, सतेंद्र पुरी, प्रभात शर्मा, धीरज मिश्रा, विवेक गोस्वामी,परशुराम सेवा संस्थान के सभी पदाधिकारी,राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ,अखंड ब्राह्मण महासभा आदि बडी संख्या में ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड में पशुपालन: आर्थिक सशक्तिकरण की ओर एक प्रभावी कदम



**झांसी जयूसं।** रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के निदेशक, प्रसार शिक्षा, डॉ. सुशील कुमार सिंह ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र में पशुपालन एक महत्वपूर्ण आर्थिक उधम है तथा इसमें और भी अधिक संभावनाएं मौजूद हैं। यहां की जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियां पशुपालन के लिए उपयुक्त हैं, लेकिन सही योजना, तकनीक और सरकारी सहायता से इस उधम को और अधिक लाभदायक बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड में गाय और भैंस पालन की अपार संभावनाएं है। देशी नस्लों जैसे साहीवाल, गिर,राठी, हरियाणा और थारपारकर आदि से प्राप्त ए2 दूध की मांग बढ़ रही है, इससे पशुपालकों को अधिक मुनाफा हो सकता है। सहकारी डेयरी योजनाओं (जैसे हृष्ठष्ठक्च हृष्ठक्च) से जुड़कर किसानों को दूध का बेहतर बाजार मिल सकता है।

बुंदेलखंड की जलवायु बकरी पालन के लिए अत्यंत उपयुक्त है। यमुना, केन और बेतवा नदी के क्षेत्र चारागाह के लिए आदर्श हैं। जमुनापारी, सिरोही और बरबरी जैसी नस्लें यहां अच्छी पैदावार देती हैं, इससे किसानों की आमदनी बढ़ाई जा सकती है। बुंदेलखंड में कई तालाब और जलाशय मौजूद हैं, जिनका उपयोग मछली पालन (कतला, रोहू, मृगल) के लिए किया जा सकता है। नीली क्रांति योजना के तहत सरकार मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए अनुदान भी प्रदान कर रही है। पशुओं के लिए हरा चारा जैसे अजोला और नेपियर घास उगाकर पशुपालन की लागत को कम किया जा सकता है। कृत्रिम गर्भाधान (एआई) और नस्ल सुधार (जैसे हरियाणा के मवेशियों के साथ क्रॉस ब्रीडिंग) से पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि संभव है।

स्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक नाथूराम कुशवाहा द्वारा जनता यूनियन प्रेस, शिव परिवार कालोनी, उन्नाव गेट बाहर झाँसी से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक - नाथूराम कुशवाहा*
फोन नं. 0510-2331158 आरएनआई नं. यूपीएचआईएन/2007/22191 समस्त विवादों का निपटारा झाँसी न्यायालय के अधीन होगा। *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए उत्तरदायी

cmyk